आर.एन.आई. नबंर - CHHHIN/2018/76773

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!

वर्ष-11 । अंक 81 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

इंदौर, भोपाल व रायपुर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर मंगलवार, 25 मार्च, 2025

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रेवती रेंज में 18वीं अभा पुलिस निशानेबाजी स्पर्धा का शुभारंभ किया

# हमारा प्रदेश अब खेलों की राजधानी बन रहा

**संवाददाता ● इंदौर**

रेवती रेंज में 18वीं अखिल भारतीय पुलिस निशानेबाजी स्पर्धा की शुरूआत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की। वे सोमवार शाम छह बजे बीएसएफ परिसर पहुंचे तथा परेड की सलामी ली। इस मौके पर वे विभिन्न राज्यों से आए पुलिस विभाग के निशानेबाजों से मिले औरपरिचय भी प्राप्त किया।

**स्पर्धा**

शुभारंभ समारोह में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा किअलग-अलग कालों में निशानेबाजी की गौरवशाली परंपरा रही है। अब कहावत बदली है। खेल-कूदकर अब नवाब बनने का समय आगया है। हमारे बच्चे राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में पुरस्कार ला रहे हैं। मप्र आर्थिक रुप से मजबूत हो रहा है। नए उद्योग खुल रहे है। खेल के क्षेत्र में भी आगे है। हमारे खिलाड़ी उत्तराखंड में 48वें नेशनल गेम में 82 मैडल लेकर आए है। यह मप्र की सबसे बड़ी छलांग है। हमारे प्रदेश ने खेल के मामले में राज्यों की श्रेणी में तीसरा स्थान बनाया। नेशनल गेम ने अलग पहचान मप्र बना है। हमारा प्रदेश अब खेलों की राजनधानी बन रहा है । हमने कोर्स में भी बदलाव किए है। खेल भी एक विषय रखा है। खिलाड़ियों के साथ हम प्रशिक्षकों को भी ट्रेंनिंग दे रहे हैं।

**मालवा की धरती पर कई महापुरुष जन्मे:** मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर और मालवा की धरती पर कई महापुरुष जन्मे हैं। राजा भोज, देवी अहिल्या, विक्रमादित्य ने इस धरती को अपने पराक्रम से सिंचित किया। इंदौर की स्वच्छता, अतिथि संस्कार औरखानपान में अलग पहचान है। यहां आए खिलाड़ी स्पर्धा में भाग लें औरछप्पन दुकान व सराफा में भी जाएं। वहां एक अलग एहसास होगा।

**निशानेबाज खोज कार्यक्रम चलाएंगे:** मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सीमा सुरक्षा बल और जिला प्रशासन के माध्यम से निशानेबाज खोज कार्यक्रम चलाया जाएगा। चयनित निशानेबाजों को उचित प्रशिक्षण देंगे। इससे नए खिलाड़ियों को अवसर मिलेंगे। मप्र की धरती से कई अर्जुन अवॉर्डी खिलाड़ी निकले हैं। समारोह को बीएसएफ अकादमी के अपर महानिदेशक शमशेर सिंह ने भी संबोधित किया। इस मौके पर जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव और संभागायुक्त दीपक सिंह भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

**प्रतियोगिता 29 मार्च तक चलेगी:** छह दिन चलने वाले इवेंट में देशभर के 600 से अधिक निशानेबाज अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे। बीएसएफ के केंद्रीय आयुध और युद्ध कौशल स्कूल (सीएसडब्ल्युटी) द्वारा आयोजित यह 18वीं अखिल भारतीय पुलिस निशानेबाजी प्रतियोगिता 24 से 29 मार्च तक चलेगी। इस दौरान देशभर से आए पुलिस संगठनों के पुरुष और महिला निशानेबाज अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में कुल 17 स्पर्धाएं होंगी, जो रेवती रेंज में आयोजित की जाएंगी। कुल 204 पदकों के लिए मुकाबला होगा, जिसमें 68 स्वर्ण, 68 रजत व 68 कांस्य शामिल हैं।



## वीर सावरकर के व्यक्तित्व-कृतित्व को जन-जन तक पहुंचाएंगे : मुख्यमंत्री

### प्रगति नगर में स्वातंत्र्य वीर की प्रतिमा का समारोहपूर्वक किया अनावरण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वातंत्र्य वीर विनायक दामोदर सावरकर भारत के महान क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी, चिन्तक, समाज सुधारक, इतिहासकार, कवि, ओजस्वी वक्ता तथा दूरदर्शी राजनेता थे। अपने कृतित्व से वे वीर सावरकर के नाम से लोकप्रिय हुए। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को प्रगति नगर में स्वातंत्र्य वीर विनायक दामोदर सावरकर की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर नगरीय विकास व आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मधु वर्मा, रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, वीर सावरकर के पौत्र रंजीत सावरकर, बाबा साहब नवाथे, सुमित मिश्रा, श्रवण चावड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि वीर सावरकरजी को याद करते ही आनंद व रोमांच की अनुभूति होती है। उन्होंने अनेक कष्ट व प्रताड़ना सहकर देश को स्वतंत्रता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका जीवन आदर्श है। काला पानी जैसी सबसे कठिन सजा पाकर भी वे अपने लक्ष्य से पीछे नहीं हटे। वीर सावरकर जी के इतिहास को सही रूप में समझने की आवश्यकता है। हमारा लक्ष्य है कि उनके इतिहास को सही रूप में जन-जन तक पहुंचाया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिस स्थान की स्थापना जिस महापुरुष के नाम से होती है, वह स्थान उन्हीं के नाम से जाना-पहचाना जाए। इसके लिए सूचना पटल लगाने सहित शासकीय पत्राचार और अन्य कार्यों में भी उनके नाम का उपयोग हो। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि राजेंद्र नगर क्षेत्र के प्रगति नगर जोन कार्यालय में जनसहयोग से वीर सावरकर की प्रतिमा का निर्माण और उसके आधार को वीर सावरकरजी द्वारा लिखी गई किताबों की शक्ल में तैयार किया गया है। प्रारंभ में विधायक मधु वर्मा ने स्वागत भाषण दिया। समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## न्यूज ब्रीफ

### जफर की गिरफ्तारी के खिलाफ वकीलों का प्रदर्शन

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल में शाही जामा मस्जिद के सदर जफर अली की गिरफ्तारी के बाद अब वकीलों ने कलम बंद कर प्रदर्शन किया है। इस दौरान वकीलों ने संभल पुलिस हाय-हाय के नारे भी लगाए। जफर अली को विवादित स्थल पर पत्थरबाजी और फायरिंग के मामले में पूछताछ के बाद रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने जफर अली को कोर्ट के सामने पेश किया।

### राजीव चंद्रशेखर केरल के भाजपा अध्यक्ष बने

**तिरुवनंतपुरम।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और टेक्नोक्रेट से राजनेता बने राजीव चंद्रशेखर ने सोमवार को भाजपा के राज्य अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया और केरल में एनडीए सरकार को सत्ता में लाने के अपने मिशन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करके ही लौटने की कसम खाई है। राज्य में मुख्य रूप से माकपा नीत एलडीएफ और कांग्रेस नीत यूडीएफ का प्रभुत्व है।



### मैदान छोड़कर भागे आतंकी, सेना ने बरामद किया सामान

**कठुआ।** कठुआ के हीरानगर में हुए आतंकवादी घटनाक्रम में आतंकवादियों ने भागने के दौरान बहुत सारा सामान छोड़ दिया है। इनमें चार एम4 मैगजीन, चार आईडी पैक, कई जोड़ी जूते, बुलेटप्रूफ जैकेट, स्लीपिंग बैग और ट्रैकसूट शामिल हैं। यह सामान आतंकवादियों की तैयारियों और उनकी योजनाओं के बारे में कई संकेत देता है। यह दर्शाते हैं कि उन्हें अपने अभियानों के लिए गंभीरता से तैयार किया गया था। क्षेत्र में अभी सर्च ऑप्रेशन चल रहा है।

## कर्नाटक मुस्लिम आरक्षण पर संसद में भारी हंगामा

# कांग्रेस ने संविधान की धज्जियां उड़ा दीं : नड्डा

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

कर्नाटक के मुस्लिम आरक्षण को लेकर सोमवार को संसद के दोनों सदनों में भारी हंगामा देखने को मिला। राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होते ही ट्रेजरी बेंच के सदस्यों ने संविधान की रखवाली बंद करो के नारे लगाने शुरू कर दिया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और राज्यसभा में नेता सदन जेपी नड्डा ने कांग्रेस को जमकर घेरा। दोनों नेताओं ने कर्नाटक के डिप्टी सीएम की ओर से सदन में दिए गए बयान का भी उल्लेख किया।

**हंगामा**

जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहब के संविधान की धज्जियां उड़ा दीं। वहीं, किरेन रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहब की इज्जत को मिट्टी में मिला दिया है। हंगामे के कारण राज्यसभा की कार्यवाही 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होते ही हंगामा शुरू हो गया। सभापति जगदीप धनखड़ जैसे ही आसन पर आए, सत्ता पक्ष के सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कर्नाटक की सरकार ने सरकारी कॉन्ट्रैक्ट में मुस्लिम समुदाय के लिए चार फीसदी आरक्षण का बिल पारित किया है। वहां के डिप्टी सीएम ने यह कहा है कि इसके लिए जरूरत पड़ी तो हम संविधान भी बदलेंगे।



### विपक्ष के नेता ने दिया जवाब

विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने इसका जवाब देते हुए कहा कि कौन सा आदमी किससे कहा कि देश का संविधान बदलने वाले हैं? देश का संविधान जो बाबा साहब आंबेडकर ने बनाया, वो कोई बदल नहीं सकता। उन्होंने कहा कि रिजर्वेशन भी कोई खत्म नहीं कर सकता। उसके लिए हमने कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा की, ये भारत तोड़ो करने वाले हैं। ये रिजर्वेशन की धज्जियां उड़ाने वाले लोग हैं।

नेता सदन जेपी नड्डा ने कहा कि जिस तरीके से कांग्रेस पार्टी संविधान की बहुत रक्षक बनती है, संविधान की जिस तरीके से धज्जियां उड़ाने का प्रयास किया है. उन्होंने कहा कि संविधान में बाबा साहब ने बहुत स्पष्ट कहा है कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा। यह संविधान का स्वीकृत सिद्धांत है। नड्डा ने कहा कि साउथ में कांग्रेस की सरकार ने कॉन्ट्रैक्ट में चार फीसदी रिजर्वेशन का बिल पारित किया है। ये लोग संविधान के रक्षक बनते हैं, देश में ढोल पीटते हैं।

### रिजिजू को विशेषाधिकार हनन नोटिस दिया

राज्यसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम रमेश ने सोमवार को संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के खिलाफ नियम 188 के तहत विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया, जिसमें कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार द्वारा दिए गए कथित बयानों को लेकर सदन को 'गुमराह' करने का आरोप लगाया गया है। सभापति जगदीप धनखड़ को दिए अपने नोटिस में कहा कि रिजिजू ने शिवकुमार द्वारा कथित तौर पर दिए गए कुछ 'गलत बयानों' का हवाला देकर सदन को 'गुमराह' किया।

### फहीम के घर चला बुलडोजर

**नागपुर।** औरंगजेब की कब्र हटाने को लेकर हुए प्रदर्शन के बीच बीते हफ्ते नागपुर में हिंसा हुई थी। इस हिंसा के मास्टरमाइंड फहीम खान पर देवेंद्र फडणवीस का बुलडोजर चला है। सोमवार की सुबह फहीम खान के दो मंजिला मकान का अगला हिस्सा ढहा दिया गया। नगर निगम ने फहीम के परिवार के अवैध कब्जा हटाने का 24 घंटे का नोटिस दिया था। मियाद पूरी होने के बाद नगर निगम की टीम ने कब्जे पर बुलडोजर चलाया। जांच में पता चला कि नागपुर हिंसा आकस्मिक नहीं बल्कि यह एक सोचीसमझी साजिश थी। फहीम ने सोशल मीडिया पर कई भड़काऊ पोस्ट कर लोगों को एकत्र किया। जिसके बाद दंगे भड़के।

### अखिलेश, सुमन पर केस

**आगरा।** राणा सांगा को गद्दार कहने के मामले में सिविल कोर्ट सीनियर डिवीजन में सोमवार को अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने सिविल वाद दायर किया है। सिविल जज सीनियर डिवीजन ने फाइल को अग्रिम आदेश के लिए रख लिया। अधिवक्ता ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से लगातार समाचार पत्रों व सोशल मीडिया से जानकारी मिली कि सपा के राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सदस्य रामजीलाल सुमन राणा सांगा को गद्दार बोल रहे हैं। उनका समर्थन सपा मुखिया अखिलेश यादव भी कर रहे हैं।



## इलाहाबाद हाईकोर्ट भेजने की सिफारिश

# जस्टिस यशवंत वर्मा से न्यायिक कार्य वापस लिए

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

हाल ही में हुई सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की बैठक में नकदी मिलने के मामले में जस्टिस यशवंत वर्मा के इलाहाबाद हाईकोर्ट में तबादले पर सहमति बनी है। इस बैठक के दौरान कॉलेजियम ने प्रस्ताव पारित करते हुए सरकार को सिफारिश भेज दी है। इसके साथ ही जस्टिस वर्मा से न्यायिक कार्य तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक वापस ले लिया गया है।

**बैठक**

उधर, इलाहाबाद हाई कोर्ट के बार एसोसिएशन ने जस्टिस वर्मा के तबादले के खिलाफ मंगलवार से हड़ताल पर जाने का फैसला किया है।

सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर जारी किए गए बयान के मुताबिक, जस्टिस वर्मा के तबादले का फैसला कॉलेजियम की पिछली बैठक में ही ले लिया गया था। अब यह फैसला सरकार को भेजा गया है और उम्मीद की जा रही है कि अगले एक या दो दिनों में सरकार इस पर अंतिम निर्णय ले सकती है।



### बार एसोसिएशन की मांग

इस सिफारिश के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने प्रदर्शन किया और एक बैठक के बाद मंगलवार से हड़ताल की घोषणा कर दी। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने कहा कि कल सुबह से अधिवक्ता सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे। बार एसोसिएशन ने यह भी मांग की है कि जस्टिस वर्मा के खिलाफ चल रहे मामले को सीबीआई और ईडी द्वारा जांच के लिए रजिस्टर किया जाए। अगर आवश्यक हो, तो सीजेआई की अनुमति से उन्हें कस्टडी में लेकर पूछताछ की जा सकती है।

# सांसदों के वेतन में 24% बढ़ोतरी, अब हर महीने मिलेंगे 1.24 लाख रुपए

## पूर्व सांसदों की पेंशन में भी बढ़ोतरी

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

सांसदों और पूर्व सांसदों के लिए एक अहम ऐलान किया गया है, जिसमें उनके वेतन, दैनिक भत्ता, पेंशन और अतिरिक्त पेंशन में बढ़ोतरी की गई है। यह नई दरें 1 अप्रैल 2023 से प्रभावी होंगी। संसदीय कार्य मंत्रालय ने यह फैसला कॉस्ट इंफ्लेशन इंडेक्स के आधार पर लिया है। इस पर आखिरी बार 2018 में विचार किया गया था। अब सांसदों का मासिक वेतन एक लाख रुपए से बढ़ाकर 1,24,000 रुपए कर दिया गया है। यानी वेतन में 24 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है।

सांसदों को मिलने वाला दैनिक भत्ता भी 2000 रुपए से बढ़ाकर 2500 रुपए कर दिया गया है। पूर्व सांसदों की पेंशन में भी सुधार किया गया है। उनकी मासिक पेंशन अब 25,000 रुपए से बढ़ाकर 31,000 रुपए कर दी गई है। इसके अलावा, पांच साल से अधिक के कार्यकाल पर हर वर्ष के हिसाब से अतिरिक्त पेंशन 2000 रुपए से बढ़ाकर 2500 रुपए कर दी गई है। यह फैसला संसदीय कार्य मंत्रालय की तरफ से अधिसूचित किया गया है, जिसमें 1954 के सांसद वेतन, भत्ता और पेंशन अधिनियम के तहत उन्हें यह सुविधा दी गई है।



### हर पांच साल में होता है रिव्यू

2018 के बाद से सांसदों के वेतन और भत्ते की हर पांच साल पर समीक्षा होती है। यह समीक्षा महंगाई दर पर आधारित होती है। 2018 में सांसदों के वेतन और भत्तों के लिए कानून में संशोधन किया गया था।

## आए हैं सज-संवरकर के ईसर गौरा को साथ लेके



# मातृशक्ति ने निकाला गणगौर बाना

संवाददाता ● इंदौर

आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास के तत्वावधान में मातृशक्ति प्रकोष्ठ द्वारा इस वर्ष भी बिजासन रोड स्थित अखंड धाम आश्रम से गणगौर का बाना धूमधाम से निकाला गया। महिलाओं ने नाचते-गाते हुए मस्तक पर गणगौरजी को धारण कर ईसर-गौरा की जुगलजोड़ी के रूप में सज-संवरकर बाने में भाग लिया।

अध्यक्ष पिंकी शर्मा एवं महामंत्री गीता व्यास के साथ संयोजक रश्मि शर्मा एवं भारती शर्मा के मार्गदर्शन में विद्याधाम मंदिर तक निकाले गए इस बाने में अनेक नन्हें-मुन्ने बच्चे भी विभिन्न देवी-देवताओं के श्रृंगार में शामिल हुए। विद्याधाम पर फूलों की होली के बीच आयोजित विभिन्न स्पर्धाओं में महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लेकर अनेक पुरस्कार भी जीते। स्पर्धाओं का संयोजन सरस्वती शर्मा, साधना शर्मा, प्रीति शर्मा, आस्था तिवारी, प्रियंका एस. शर्मा, प्रीति पंडित, संगीता शर्मा, राखी शर्मा एवं निकिता शर्मा ने किया। न्यास के अध्यक्ष पं. दिनेश शर्मा, सुरेश शर्मा "काका", अध्यक्ष डॉ. लोकेश जोशी, समन्वयक राजेन्द्र शर्मा, अखिलेश शर्मा एवं अजय व्यास सहित अन्य पदाधिकारियों ने सभी मातृशक्ति का स्वागत किया।



### गेंदेश्वर मंदिर से निकला गणगौर बाना, पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुईं महिलाएं

माया-श्याम ग्रुप द्वारा आयोजित गणगौर बाना का भव्य आयोजन हुआ। परदेशीपुरा स्थित गेंदेश्वर मंदिर से शुरु हुआ यह बाना कनकेश्वरी माता मंदिर तक पहुंचा। बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुईं। उन्होंने गणगौर माता और ईशर जी की प्रतिमाओं को लेकर विभिन्न मार्गों से यात्रा की। मार्ग में समाज के लोगों ने पुष्प वर्षा कर बाने का स्वागत किया।ग्रुप की संयोजक माया शर्मा और मंजुला शर्मा के अनुसार, कनकेश्वरी मंदिर में महिलाओं ने गणगौर माता का पूजन किया। इसके बाद झाले दिए और छंद बोले गए। कार्यक्रम में महिलाओं की वेशभूषा, सोलह श्रृंगार और छंद बोलने की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज नगरसभा के अध्यक्ष वीरेंद्र व्यास, महिला सभा की अध्यक्ष करुणा शर्मा, उपाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय और प्रधानमंत्री कमलेश तिवारी ने विजेता महिलाओं को पुरस्कृत किया।

गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज का 14वां फाग महोत्सव

## भगवान खाटूश्याम को लगा 56 भोग, इत्र और फूलों के साथ भजनों में झूमें लोग



संवाददाता ● इंदौर

गुर्जर गौड़ ब्राह्मण सांस्कृतिक संगठन का 14वां फाग महोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में भगवान खाटू श्याम का विशेष श्रृंगार किया गया। उन्हें 56 भोग भी लगाया गया।

संगठन की संयोजिका राजेश्वरी विजय जोशी के अनुसार इस बार समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में भाग लिया। प्रसिद्ध भजन गायक द्वारका मंत्री ने फाग गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। उनके गीतों पर श्रोता झूमने लगे। समाज के लोगों ने इत्र और फूलों से होली का आनंद लिया। कार्यक्रम में नववर्ष के पंचांग का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर अखिल भारत वर्षीय गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महिला महासभा की अध्यक्ष माया त्रिवेदी मौजूद थीं। प्रांतीय अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी, अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष नारायण व्यास, इंदौर नगरसभा के अध्यक्ष वीरेंद्र व्यास और अरविंद तिवारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## पालकी में निकले श्रीजी



संवाददाता ● इंदौर

दिगंबर जैन समाज की 20 दिवसीय प्रभातफेरी का आयोजन शुरू हो गया है। दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद, सोशल ग्रुप फेडरेशन और महावीर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में यह यात्रा निकाली गई। सोमवार की सुबह श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर (जावरा वाला मंदिर) से प्रभातफेरी का शुभारंभ हुआ।

समाज के अध्यक्ष राजकुमार पाटोदी और प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया कि श्रीजी की प्रतिमा को पालकी में विराजमान किया गया। बैंड-बाजों के साथ यात्रा मंदिर परिसर से एलआईजी, एमआईजी चैत्यालय होते हुए एबी रोड से वापस जावरा वाला मंदिर पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भक्तों ने प्रभु शांतिनाथ के जयकारे लगाए और महिलाओं ने भक्ति नृत्य किया। मंदिर प्रांगण में मुकेश पाटोदी और मंदिर के संरक्षक शांतिलाल पापड़ीवाल ने ध्वजारोहण किया।

# दशा माता व्रत से दूर होती है दरिद्रता

### महिलाओं ने की विधिवत पूजन-अर्चना, पीपल के पेड़ों पर बांधे कच्चे सूत के धागे

संवाददाता ● इंदौर

सोमवार को दशा माता व्रत के अवसर पर विवाहित महिलाओं ने पीपल के पेड़ों का विधिवत पूजन किया। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सुबह से ही महिलाएं पूजा के लिए एकत्रित हुईं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, दशा माता व्रत घर की दरिद्रता को दूर करता है। यह व्रत अनिष्टकारी ग्रहों की दशा को भी शांत करता है। इस व्रत में कच्चे सूत के धागे का विशेष महत्व होता है, जिसे दशा माता का डोरा कहा जाता है। पूजा विधि में कच्चे सूत के 10 तारों से बने डोरे में 10 गांठें लगाई जाती हैं। इसके बाद इस डोरे के साथ पीपल के पेड़ की पूजा की जाती है। शीतला माता मंदिर और महू नाका सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर महिलाओं ने यह पारंपरिक पूजा संपन्न की।



## मैथिलानी समूह की महिलाओं ने खेली होली, गाए मैथिली गीत



संवाददाता ● इंदौर

इंदौर के पितृ पर्वत पर सखी बहिन मैथिलानी समूह की महिलाओं ने धूमधाम से फगुआ उत्सव मनाया। महिलाओं ने मिथिला की पारंपरिक पोशाकों में एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया। उत्सव में मैथिली भाषा में पारंपरिक होली गीत गाए गए। इंदौर इकाई प्रमुख ऋतू झा ने महाशिवरात्रि पर आयोजित गीत-नाद प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

## दशहरा मैदान पर 'सबके राम' में मनाया रंगारंग फाग महोत्सव



संवाददाता ● इंदौर

दशहरा मैदान पर 30 मार्च से 6 अप्रैल तक आयोजित श्रीराम जन्मोत्सव महायज्ञ एवं 'सबके राम' मेला स्थल पर फाग महोत्सव का रंगारंग आयोजन रविवार शाम को किया गया। दशहरा मैदान को 'अवध लोक' नाम दिया गया है, जहां श्रीराम महायज्ञ एवं मेले के साथ ही अयोध्या में बने रामलला के भव्य मंदिर की प्रतिकृति भी स्थापित की जा रही है।

यहां बड़ी संख्या में मातृ शक्ति एवं विभिन्न समाजों के बंधुओं ने उपस्थित होकर संघ, विहिप एवं बजरंग दल सहित समान विचारधारा वाले संगठनों के प्रमुख पदाधिकारियों की मौजूदगी में फाग उत्सव का भरपूर आनंद लिया और संकल्प किया कि 'सबके राम' कार्यक्रम से शहर के जन-जन को जोड़ने का महाभियान चलाया जाएगा। महोत्सव में प्रतिदिन शाम 5 से 7 बजे तक स्वास्थ्य परीक्षण एवं योग शिविर सहित विभिन्न सेवा प्रकल्प भी चलाए जाएंगे।

### श्री अग्रवाल महासभा की मेजबानी में संपन्न हुए परिचय सम्मेलन में हजारों समाजबंधुओं ने ली यातायात नियमों के पालन की शपथ

# 300 से अधिक रिश्तों पर चर्चाओं का दौर, 960 प्रत्याशी पहुंचे मंच पर

संवाददाता ● इंदौर

श्री अग्रवाल महासभा द्वारा समाजसेवी स्व. मिश्रीलाल गोयल की स्मृति में गांधी हाल पर चल रहे तीन दिवसीय अ.भा. युवक युवती परिचय सम्मेलन में सोमवार को समापन दिवस पर 300 से अधिक रिश्तों पर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। सोमवार को 400 से अधिक प्रत्याशियों ने मंच पर पहुंचकर अपने परिचय दिए। नतीजा यह रहा कि रविवार को 150 और आज 160 से अधिक रिश्तों पर चर्चाओं का दौर चल पड़ा है। इस तरह सांझ ढलते-ढलते करीब 310 प्रत्याशियों के रिश्तों पर दोनों पक्षों के पालकों में मंत्रणा शुरू हो गई । समापन दिवस पर हजारों समाज बंधुओं ने समाजसेवी प्रेमचंद गोयल के मुख्य आतिथ्य में शहर को स्वच्छता की तरह यातायात व्यवस्था में भी नंबर वन बनाने की शपथ ली। सुबह से शाम तक देश के 12 राज्यों से आए मेहमानों और प्रत्याशियों ने खुलकर इस सम्मेलन की व्यवस्थाओं की सराहना की।



महासभा के समन्वयक संतोष गोयल, अध्यक्ष डॉ. सतीश गोयल, महामंत्री अजय बंसल एवं मनीष जैन ने बताया कि सोमवार को सम्मेलन की कार्रवाई का शुभारंभ कमलेश गोयल (पचौर), श्याम अग्रवाल (जावद), बबलू तायल (सेंधवा) के आतिथ्य में सम्मेलन के समापन दिवस की कार्रवाई का शुभारंभ हुआ। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर सम्मेलन के संस्थापक ब्रह्मलीन मिश्रीलाल गोयल के चित्र पर माल्यार्पण किया। दिनभर चले परिचय के दौर में 400 से अधिक प्रत्याशियों ने मंच परप पहुंचकर अपनी पसंद बताई। अनेक युवकों ने अपने समकक्ष जॉब वाली युवतियों को प्राथमिकता देने की बात कही, वहीं युवतियों ने भी अपने लिए आईटी, एमबीए, एमसीए, सीए और अन्य उच्च शिक्षित प्रत्याशियों में दिलचस्पी व्यक्त की। इनमें से रविवार को 150 रिश्तों पर और सोमवार को 160 रिश्तों पर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया । आज भी 115 प्रविष्ठयां स्पाट पंजीयन के रूप में प्राप्त हुई। इस तरह इस परिचय सम्मेलन में सर्वाधिक 2102 प्रविष्ठियां प्राप्त होने का कीर्तिमान भी बना।

महासभा की ओर से रिश्तों के लिए समन्वय और परामर्श देने वाले नवीन गोयल, एल.बी. अग्रवाल, एन.एल. बंसल, श्याम गोयल, श्याम अग्रवाल एवं राजकुमार गोयल एवं विनोद गुप्ता ने भी उल्लेखनीय भूमिका निभाई। युवक-युवती के सम्पर्क के लिए अलग से परामर्श कक्ष बनाया गया था, जहां दिनभर मेल-मुलाकात का दौर चलता रहा। मातृशक्तियों में उर्मिला गोयल, पुष्पा गुप्ता, शर्मिला गोयल, ललिता अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, प्रेरणा अग्रवाल, संतोष सिंघल, शकुन गोयल, मीना अग्रवाल, वर्षा बंसल, सुनीता पाटनी ने पालकों एवं प्रत्याशियों की अगवानी की। राजस्थान के मंडावरी से आए पं. राधेश्याम शर्मा ने भी आज सम्मेलन स्थल पर कुंडली मिलान एवं अन्य ज्योतिषीय गणना में सहयोग कर रिश्ते तय कराने में मदद की। प्रत्याशियों के परिचय की कमान रोज की तरह आज भी राजेश इंजीनियर एवं इंदु अग्रवाल ने संभाली। अंत में समन्वयक संतोष गोयल ने आभार माना। सम्मेलन में आने वाले प्रत्याशियों एवं पालकों ने सम्मेलन स्थल पर की गई भोजन, स्वल्पाहार, चाय एवं कूलर-पंखे की समुचित व्यवस्थाओं के लिए आयोजकों एवं कार्यकर्ताओं की खुले मन से प्रशंसा की। अधिकांश पालकों ने आयोजन के सूत्रधार संतोष गोयल को उन्हें बधाई देते हुए इतनी सुंदर व्यवस्थाओं के लिए धन्यवाद भी दिया।

# प्रॉपर्टी गाइड लाइन पर डेढ़ सौ से ज्यादा आपत्तियां

## 32 सौ लोकेशन पर कीमतें बढ़ेगी


**संवाददाता ● इंदौर**

संपत्तियों के पंजीयन की कलेक्टर की गाइडलाइन लगभग तैयार हो चुकी है। इस पर पंजीयन विभाग ने दावे-आपत्तियों को मंगाया था। 150 से अधिक आपत्तियां आई हैं। इनका निराकरण किया जा रहा है। इसके बाद गाइडलाइन का प्रारूप राज्य सरकार को भेजा जाएगा। 1 अप्रैल से नई कलेक्टर गाइड लाइन तैयार हो जाएगी।

**गाइडलाइन**

इंदौर में 3200 लोकेशनों पर गाइडलाइन बढ़ाई जा रही है, जबकि 240 नई कॉलोनियों को गाइडलाइन के दायरे में लिया गया है। इस बदलाव से प्रॉपर्टी के कीमतों में भी वृद्धि होगी।

सालभर में हुए सौदों के आधार पर गाइडलाइन में बदलाव किया गया है। इंदौर में सबसे ज्यादा तेजी खंडवा रोड़ और उज्जैन रोड़ पर देखने को मिली है। खंडवा रोड पर फोरलेन निर्माण हो रहा है, जबकि इंदौर उज्जैन रोड पर छह लेन बन रहा है। इंदौर में बड़े ग्रुप भी रियल इस्टेट सेक्टर में आ चुके है। 32 लोकेशनों के ज्यादातर इलाके शहरी सीमा से सटे हैं। इनमे बाइपास, सुपर कॉरिडोर, गांधी नगर जैसे क्षेत्र शामिल हैं।



पंजीयन विभाग के पास अलग-अलग तरह की आपत्तियां आई हैं। कुछ आपत्तियां ग्रीन बेल्ट को लेकर भी हैं। इसमें कहा गया है कि ग्रीन बेल्ट की जमीनों के ज्यादा सौदे नहीं होते हैं। इसकी गाइडलाइन का निर्धारण अलग से किया जाना चाहिए। इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्रों में जमीन की खरीदी बिक्री में छूट को बहाल करने की मांग भी की गई है। मास्टर प्लान में 89 गांवों को जोड़ा गया है। वहां भी प्रॉपर्टी गाइडलाइन में बदलाव हुए हैं।

इंदौर में कुछ लोकेशनों पर 30 से लेकर 40 प्रतिशत तक गाइड लाइन बढ़ाई गई है। इंदौर एक में 531, इंदौर दो में 596, इंदौर तीन में 658, इंदौर चार में 425, महू में 429, सांवेर में 348, देपालपुर में 329 लोकेशनो पर गाइडलाइन बदली है। अब समिति के इस प्रस्ताव को प्रदेश सरकार को भेजा जाएगा। मंजूरी मिलते ही एक अप्रैल से नई गाइडलाइन के हिसाब से पंजीयन विभाग में रजिस्ट्रियां होंगी।

अलग-अलग पैरामीटर पर स्वच्छ सर्वेक्षण

# पांच दिनों से अलग-अलग जगह जा रही टीम

**संवाददाता ● इंदौर**

स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर टीम इंदौर आई है। पिछले पांच दिनों से टीम अलग-अलग स्थानों पर सर्वे कर रही है। निगम सूत्रों का कहना है कि आगामी दो से तीन दिनों तक टीम इंदौर में ही रहेगी।

स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर टीम पिछले पांच दिनों से अलग-अलग जगह सर्वेक्षण कर रही है। अलग-अलग पैरामीटर पर ये सर्वेक्षण किया जा रहा है। टीम के सदस्य अलग-अलग जगह का चयन कर सर्वेक्षण कर रहे हैं। टीम सारे प्रोसेसिंग प्लांट, रेसीडेंशियल और कॉमर्शियल एरिया में जा रहे है। बताया जा रहा है कि टीम लोगों से भी फीडबैक लेंगी। स्वच्छ सर्वेक्षण 10 पैरामीटर पर किया जा रहा है। जिसे लेकर निगम ने पहले ही तैयारी कर ली थी। सर्वेक्षण के पहले से ही निगम के आला अधिकारियों से लेकर निगम के कनिष्ठ अधिकारी तैयारियों में जुटे हुए थे। इंदौर को 8वीं बार भी नंबर वन बनाने के लिए नगर निगम ने अपनी कमर कस रखी है।

### ये हैं वो 10 पैरामीटर

स्वच्छ सर्वेक्षण

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के तहत नगर निकायों का आकलन विभिन्न मानकों के आधार पर किया जा रहा है। इसमें 10 हजार अंकों का विस्तृत विभाजन किया गया है। इस सर्वेक्षण में 10 प्रमुख श्रेणियों के तहत नगर निकायों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाएगा। इसमें विजिबल क्लीननेस, सेग्रिगेशन कलेक्शन एंड ट्रांसपोर्टेशन ऑफ वेस्ट, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, एक्सेस ऑफ सेनिटेशन, यूज्ड वाटर मैनेजमेंट, एडवोकेसी फॉर स्वच्छता. स्वच्छता कर्मियों का समग्र कल्याण, मशीनीकृत सेप्टिक टैंक सफाई सेवाएं, इकोसिस्टम स्ट्रेंथनिंग एंड इंस्टीट्यूशन पैरामीटर, नागरिक प्रतिक्रिया और शिकायतों का निवारण शामिल हैं।

### पब्लिक पार्टिसिपेशन बनाता है शहर को खास

अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 चल रहा है इंदौर का चयन सुपर स्वच्छ लीग में भी किया गया है। 12 शहरों को पांच अलग-अलग कैटेगरी में चयनित किया गया है। इसमें इंदौर का नाम सबसे प्रमुख शहर के रुप में रखा गया है इंदौर को जो अलग बनाता है वह है इंदौर की जनता का पार्टिसिपेशन । यहां एडमिनिस्ट्रेशन हो, जनप्रतिनिधि हो, सफाई मित्र हो, जनता हो ये सभी मिलकर काम करते है तो रिजल्ट है इंदौर सात बार नंबर वन आया है। जो पैरामीटर है, उसमें कुछ पैरामीटर ऐसे है, जिसमें इंदौर आगे है। कई पैरामीटर पर हम हाई स्टैंडर्ड पर काम कर रहे है।

## न्यूज ब्रीफ

### 12 कर्मचारियों पर कार्रवाई, 5 को नोटिस, 7 पर पेनल्टी

**इंदौर**। शहर में सोमवार को हुई टाइम लिमिट बैठक में कलेक्टर ने हेल्पलाइन और लोक सेवा गारंटी अधिनियम की समीक्षा में लापरवाही पाए जाने और समय सीमा में केस हल नहीं करने पर पांच अधिकारियों को शोकॉज नोटिस दिए हैं। इसके साथ ही सात के विरूद्ध पेनल्टी लगाई गई है। इनमें सीएम हेल्पलाइन केसों में लापरवाही पाए जाने पर मेघना भट्ट (सहायक आयुक्त), सुप्रिया बिसेन (सहायक आयुक्त अनुसूचित जाति कल्याण), लोक निर्माण विभाग के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर मनीष उदेनिया, सूर्यनारायण सोनी और पीएन पांडे को शोकॉज नोटिस जारी किए हैं। इसी तरह लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्रकरण समय-सीमा में निराकृत नहीं करने पर नायब तहसीलदार राधा वल्लभ धाकड़, ग्राम पंचायत गोकुलपुर की सचिव मेघा माथुर, अकासोदा के परमानंद यादव, हरनास के भरतसिंह सोलंकी, राऊ के नायब तहसीलदार धीरेश प्रसाद सोनी, बावल्याखेड़ी के पंचायत सचिव रामप्रसाद दायमा और हसनाबाद के पंचायत सचिव कैलाशचंद्र चौहान पर ढाई-ढाई सौ की पेनल्टी लगाई गई है।

### करणी सेना ने सपा सांसद, अखिलेश का पुतला फूंका

**इंदौर**। रीगल चौराहे पर सोमवार को करणी सेना भारत और राजपूत समाज ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा संसद में राणा सांगा के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में यह प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि कुछ नेता वोट बैंक की राजनीति और सुर्खियों में बने रहने के लिए महापुरुषों का अपमान करते हैं। उनका कहना था कि ऐसे लोगों को संसद या किसी भी संवैधानिक पद पर रहने का अधिकार नहीं है। करणी सेना ने सांसद रामजीलाल सुमन के साथ उनका समर्थन करने वाले सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का भी पुतला दहन किया। करणी सेना भारत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह गौतम ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि रामजीलाल सुमन जहां भी दिखें, उन्हें सबक सिखाया जाए ताकि वे आगे से ऐसी टिप्पणी करने से पहले सोचें। विरोध प्रदर्शन में करणी सेना भारत के जिला अध्यक्ष यादवेंद्र सिंह गौर, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह पवार और नगर अध्यक्ष गौरव सिंह चौहान अपनी पूरी टीम के साथ मौजूद रहे। कार्यक्रम में राजपूत समाज की मातृशक्ति भी शामिल हुई।

# भावना हत्याकांड : आरोपियों के बस से भोपाल भागने का मिला सुराग

## विदेश न चले जाएं, इसलिए जारी करेंगे लुक आउट सर्कुलर

**संवाददाता ● इंदौर**

महालक्ष्मी नगर में हुए भावना हत्याकांड मामले में पुलिस को आरोपियों का सुराग मिला है। पुलिस को जानकारी मिली है कि आरोपी बस से भोपाल भाग गए हैं। पुलिस इस लिंक पर काम कर रही है और आरोपियों की तलाश कर रही है। साथ ही, पुलिस को आशंका है कि वे विदेश भाग सकते हैं। इसे देखते हुए पुलिस आरोपियों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी कर रही है।

**तलाश**

डीसीपी जोन-2 अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि भावना सिंह नामक महिला को गोली लगने की सूचना पर लसूड़िया थाने में केस दर्ज किया गया था, जिसमें धारा 302 जोड़ी गई थी। इसके बाद से ही लगातार आरोपियों की तलाश जारी है। अब तक की जांच में प्रथमदृष्टया जिन आरोपियों के नाम सामने आए हैं, उनमें आशु यादव, मुकुल यादव और उनकी महिला मित्र शामिल हैं। डीसीपी जोन-2 ने बताया कि आरोपियों को ट्रेस करते हुए पुलिस को जानकारी मिली है कि वे बस पकड़कर भोपाल भाग गए हैं। पुलिस की कई टीमें लगातार उनकी तलाश में जुटी हुई हैं और जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

अब तक वीडियो फुटेज के आधार पर तीन आरोपियों की पहचान हुई है। पुलिस को यह भी पता चला है कि जिस गाड़ी का उन्होंने इस्तेमाल किया था, उसे एक जगह डंप कर दिया गया था। डीसीपी ने बताया कि ऐसा अंदेशा है कि आरोपी विदेश भागने का प्रयास कर सकते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए उनके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया जा रहा है, ताकि यदि वे किसी भी इंटरनेशनल बॉर्डर को पार करने का प्रयास करें तो पुलिस को तुरंत सूचना मिल सके।





### कार छोड़कर बुलेट से भाग निकले

इस हत्याकांड में दो नए सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं। एक फुटेज में वह अपनी कार एक स्थान पर खड़ी कर पैदल जाते हुए दिखाई दे रहे है, जबकि दूसरे फुटेज में एक आरोपी बुलेट पर किसी के साथ जाते हुए नजर आ रहा है। अस्पताल से भागने के बाद, कार में सवार दो युवक और एक युवती ने निपानिया क्षेत्र में जिस स्थान पर कार छोड़ी, वहां का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। फुटेज में देखा जा सकता है कि वे सड़क किनारे कार खड़ी करते हैं। इसके बाद पिछली सीट से युवती बाहर आती है। फिर को-ड्राइवर साइड और उसके बाद ड्राइवर साइड का दरवाजा खुलता है। ड्राइवर साइड से युवक बाहर आकर कार की जांच करता है। इसके बाद को-ड्राइवर सीट पर बैठा युवक भी बाहर निकलता है। फिर युवती भी कार का निरीक्षण करती है। कुछ देर बाद को-ड्राइवर सीट से बाहर निकला युवक फोन पर किसी से बात करने लगता है और तीनों वहां से पैदल आगे बढ़ जाते हैं। दूसरे सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि वे तीनों आपस में बात करते हुए आगे बढ़ते हैं। कुछ दूर चलने के बाद एक गली से बुलेट पर दो युवक आते हैं और एक युवक को अपने साथ बैठाकर वापस उसी गली में चले जाते हैं। बाकी दोनों युवक-युवती भी उसी गली में पैदल-पैदल जाते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह रास्ता तुलसी नगर होते हुए महालक्ष्मी नगर जाता है। टीआई तारेश सोनी का कहना है कि जिस बुलेट पर बैठकर युवक गया है, उसका फिलहाल पता नहीं चल सका है।

रविवार को भावना के मुंहबोले भाई पंकज ठाकुर, केके चौहान और कुछ दोस्त लसूडिया थाने पहुंचे। उन्होंने थाना प्रभारी तारेश सोनी से बातचीत की। उनके बयान भी हुए। पंकज का कहना है कि हम दो घंटे थाने में रहे। पुलिस से पूछा कि आरोपियों को कब तक पकड़ेंगे? पुलिस यही कहती रही कि आरोपियों की तलाश में टीमें गई हुई हैं। जल्द उन्हें पकड़ लेंगे। पंकज ने बताया कि शनिवार को भावना का अंतिम संस्कार किया था। सोमवार को जूनी इंदौर मुक्तिधाम से उसकी अस्थियां एकत्रित कर अस्थि विसर्जन के लिए उज्जैन जाएंगे। वहां उसका अस्थि विसर्जन किया जाएगा। वहां से वे लोग ग्वालियर जाएंगे।

# बीमा एजेंट से किया दुष्कर्म, फिर बदनाम करने की धमकी भी दी

**संवाददाता ● इंदौर**

हीरानगर इलाके में एक बीमा एजेंट महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी 8 सालों तक उससे शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब महिला ने उससे बातचीत बंद कर दी तो वह बदनाम करने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म करने लगा। पीड़िता ने आरोपी की धमकियों से परेशान होकर पुलिस की शरण ली है।

पुलिस ने हीरानगर क्षेत्र में रहने वाली 46 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर सुंदरनगर में रहने वाले हेमंत के खिलाफ रेप सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया हैं। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि करीब 8 साल पहले आरोपी हेमंत ने मुझसे लाइफ इंशोरेन्स करवाया था। तभी से हमारे दोनो के बीच दोस्ती हो गई व बातचीत होने लगी। हेमंत ने मुझे फोन कर बोला कि मैं तुमसे मिलकर कुछ बात करना चाहता हूं, जिसके बाद वह मेरे घर पर आया। मैं नीचे सो रही थी। उसी समय हेमंत बोला कि मैं तुमको पसंद करता हूं।

# होटल में छापा में केयरटेकर से 50 ग्राम एमडी ड्रग बरामद

**संवाददाता ● इंदौर**

क्राइम ब्रांच ने तिलक नगर इलाके की एक होटल के केयरटेकर को एमडी ड्रग के साथ गिरफ्तार किया है। सूचना मिली थी कि होटल में चुनिंदा ग्राहकों को ड्रग्स उपलब्ध कराई जा रही है। छापेमारी के दौरान केयरटेकर के पास से 50 ग्राम एमडी ड्रग बरामद की गई।

क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि तिलक नगर स्थित एक निजी होटल में ग्राहकों को मांग पर एमडी ड्रग उपलब्ध कराई जा रही है। जांच के दौरान सामने आया कि होटल का केयरटेकर अभिषेक चौरसिया निवासी चित्रा बाग कॉलोनी, खंडवा इस काम में शामिल था। टीम ने होटल पर छापा मारकर उसे एक कार में पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके पास से 50 ग्राम एमडी ड्रग बरामद की गई, जिसे उसने छिपाकर रखा था। पुलिस अब उससे ड्रग सप्लाई नेटवर्क को लेकर पूछताछ कर रही है।



क्राइम ब्रांच ने एक अन्य कार्रवाई में सलीम रहमान (निवासी माणिकबाग) को भी गिरफ्तार किया है। वह पिपल्याहाना सर्विस रोड स्थित इंटरनेशनल स्विमिंग पूल के पास स्कूटी पर बैठा था। तलाशी लेने पर उसकी गाड़ी से 21 ग्राम एमडी ड्रग बरामद हुई। जांच में पता चला कि आरोपी राह चलते लोगों को ड्रग्स सप्लाई करता था। पुलिस उससे भी ड्रग नेटवर्क और अन्य संलिप्त लोगों के बारे में पूछताछ कर रही है।

### एमवाय के टॉयलेट में नवजात का शव छोड़कर भागी महिला

**इंदौर**। एमवाय अस्पताल में सोमवार तड़के एक महिला नवजात शिशु के शव को छोड़कर फरार हो गई। इस घटना को इतनी चुपचाप तरीके से अंजाम दिया गया कि किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी। महिला ने अस्पताल के ग्राउंड फ्लोर स्थित इमरजेंसी यूनिट के पास शव को छोड़ा। यह घटना सुबह करीब 6 बजे की बताई जा रही है, जब सिक्योरिटी स्टाफ ने अस्पताल के पब्लिक टॉयलेट में नवजात शिशु के शव को देखा। कुछ देर पहले तक वहां ऐसा कुछ नहीं था, जिससे यह साफ हुआ कि शव को हाल ही में वहां छोड़ा गया था। बाद में कुछ लोगों ने बताया कि तड़के एक महिला को टॉयलेट में जाते हुए देखा गया था। महिला जिस दिशा से आई थी, वहां कैमरे नहीं हैं।

# एक करोड़ की एमडी ड्रग के साथ मोस्ट वांटेड पेडलर हत्थे चढ़ा

**संवाददाता ● इंदौर**

आजाद नगर पुलिसके हाथ एक ऐसा मोस्ट वांटेड ड्रग पेडलर हाथ लगा है, जो गुजरात एटीएस व भोपाल क्राइम ब्रांच के अलावा आजाद नगर थाने से भी फरार चल रहा था। आरोपी पर देशभर में 21 से अधिक अपराध दर्ज है।

डीसीपी विनोद मीणा ने बताया कि आजाद नगर पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान न्यू आरटीओ रोड पर एक स्कूटर पर सवार होकर तीन व्यक्ति बैठकर आते दिखे, जो पुलिस चेकिंग को देखकर अचानक घबरा गए और भागने लगे। संदेह होने पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को तत्काल पकड़ा। जब उनकी तलाशी ली गई तो उनके पास से 100 ग्राम एमडी ड्रग्स होना पाया गया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपना नाम वसीम उर्फ बाबा पिता सलीम शाह निवासी आजाद नगर और अहमद हुसैन और राकेश शाह होना बताया। जब आरोपियों के रिकॉर्ड देखे गए तो इसमें मुख्य आरोपी वसीम उर्फ़ बाबा मोस्ट




वांटेड बदमाश निकला, जो ड्रग पेडलर है। वही गुजरात एटीएस भोपाल क्राइम ब्रांच और आजाद नगर पुलिस थाने का फरार बदमाश है, जिसकी गिरफ्तारी पर इनाम भी घोषित किया गया था। वसीम उर्फ बाबा पर देशभर में कुल 21 से भी अधिक अपराध दर्ज हैं और वह मोस्ट वांटेड बदमाश है। फिलहाल पकड़े गए आरोपियों से जो ड्रग्स बरामद की गई है, उसकी कीमत एक करोड रुपए बताई जा रही है। फिलहाल आरोपियों से आगे की पूछताछ की जा रही है।

हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट का फैसला पलटा

# जैन समाज पर लागू होगा हिंदू विवाह अधिनियम, 28 परिवाद खारिज

**संवाददाता ● इंदौर**

हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट एडिशनल प्रिंसीपल जज के जैन समाज को लेकर आए विवादित आदेश को निरस्त कर दिया है। साथ ही इस आदेश को लेकर गहरी नाराजगी जताई है और इस आदेश को औचित्यहीन करार दिया है। हाईकोर्ट ने इस आदेश को पूरी तरह से गलत करार दिया।

**फैसला**

इंदौर हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने सोमवार को जैन समाज के तलाक के केसों में एक बड़ा आदेश दिया है। आदेश के तहत हाई कोर्ट ने फैमिली कोर्ट के उस आदेश को निरस्त कर दिया है जिसमें हिंदू मैरिज एक्ट में अल्पसंख्यक वर्ग के पक्षकारों को सुनवाई का हक नहीं होने के मुद्दे पर एक नहीं, बल्कि 28 परिवाद एक साथ खारिज कर दिए थे। अब हाई कोर्ट के आदेश के बाद जैनियों के ये 28 केस हिन्दू विधि के तहत फिर से फैमिली कोर्ट रैफर होंगे। फैमिली कोर्ट ने हाल ही में हिंदू मैरिज एक्ट में अल्पसंख्यक वर्ग के पक्षकारों को सुनवाई का हक नहीं होने के मुद्दे पर एक नहीं, बल्कि 28 परिवाद एक साथ खारिज कर दिए थे। इनमें ऐसे भी मामले थे, जिनमें दंपत्ति ने आपसी सहमति से




अलग होने के लिए अर्जी दायर की थी। ऐसे मामलों में सुप्रीम कोर्ट के भी स्पष्ट आदेश हैं कि साथ रहने की गुंजाइश न हो तो तत्काल ऐसे परिवाद को स्वीकार कर लेना चाहिए। हाईकोर्ट में जिन पक्षकारों ने फैमिली कोर्ट के फैसले को चुनौती दी है वह भी स्वेच्छा से अलग होना चाहते हैं ताकि नए सिरे से अपनी अपनी शुरुआत कर सकें। फैमिली कोर्ट द्वारा अल्पसंख्यक वर्ग के मुद्दे पर जिन परिवादों को खारिज किया गया था वह सभी मामले अब हाई कोर्ट पहुंच रहे थे। 10 पक्षकारों ने हाई कोर्ट ने अर्जी दायर की थी। वहीं हाई कोर्ट ने इस मामले में न्यायमित्र के रूप में सीनियर एडवोकेट एके सेठी को नियुक्त किया था।

### तीखी टिप्पणी भी की

हाईकोर्ट में जस्टिस एसए धर्माधिकारी व जस्टिस संजीव कलगांवकर की डबल बेंच द्वारा जारी आदेश में इस आदेश को लेकर तीखी टिप्पणी भी की गई है। बेंच ने कहा कि हमारे संविधान निर्माताओं ने हिंदू, बौद्ध, जैन और सिख को हिंदू मैरिज एक्ट में सभी पक्षों से बात करते हुए रखा था। ऐसे में एडिशनल प्रिंसिपल जज फैमिली कोर्ट को इसे अपने विचारों से अलग करने की जरूरत नहीं थी। वह इस केस को चाहे तो हाईकोर्ट को रैफर कर सकते थे।

### ये था मामला

आवेदक नितेश सेठी और शिखा सेठी ने जुलाई 2017 में शादी की थी। बाद में वे अलग रहने लगे और उन्होंने हिंदू मैरिज एक्ट के तहत तलाक का आवेदन फैमिली कोर्ट में लगाया। इस दौरान एडिशनल प्रिंसिपल जज ने 8 फरवरी 2025 को आदेश देते हुए आवेदन खारिज कर दिया। इसमें कहा गया कि केंद्र के माइनॉरिटी विभाग के 7 नवंबर 2014 के नोटिफिकेशन के तहत जैन समाज अल्पसंख्यक में आता है। ऐसे में हिंदू मैरिज एक्ट उन पर लागू नहीं हो सकता है। इसी तरह का एक अन्य मामला भी हाईकोर्ट पहुंचा है। उसमें भी फैमिली कोर्ट ने जैन समाज के तलाक के मामलों में सुनवाई करने से इनकार कर दिया था। उनका तर्क था कि जैन समाज को माइनॉरिटी का दर्जा मिल गया है तो उनके तलाक के केस को भी स्पेशल कोर्ट में ही सुना जाए। इसी को जैन समाज की महिला के एडवोकेट रोहित मंगल की तरफ से हाईकोर्ट में चैलेंज करते हुए पिटीशन दायर की थी।

# हम किस तरह का ग्रामीण और शहरी अनुभव दे सकते हैं?

दशकों पहले एमबीए के दौरान मेरा क्लासरूम प्रोजेक्ट था, 'भारत में चॉकलेट की खपत कैसे बढ़ाएं, जो तब प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष 40 ग्राम थी।' मैं चॉकलेट बनाने वाली कंपनियों के कई पेशेवरों से मिला और बाद में उनके विज्ञापनों तक पर नजर रखी, जिनकी पंचलाइन हुआ करती थी, 'कुछ मीठा हो जाए।' साल 2025 तक चॉकलेट कन्फेक्शनरी के बाजार में प्रति व्यक्ति औसत मात्रा केवल 100 ग्राम प्रति वर्ष होने की उम्मीद है और एक सर्वे का दावा है कि 2030 में ये प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष 217 ग्राम तक हो जाएगी। यह आंकड़ा जापान से भिन्न है, जो एशिया का सबसे बड़ा चॉकलेट उपभोक्ता है, जहां प्रति व्यक्ति 2 किलो खपत है, जबकि यूरोप के कुछेक जगहों पर तो प्रति व्यक्ति 5 किलो और 9 किलो तक है।

ये आंकड़े मुझे तब याद आए, जब हालिया हैदराबाद यात्रा में मैं एक चॉकलेट फैक्ट्री गया, जिसे टाइम मैग्जीन ने 2024 के 'वल्ड्र्स ग्रेटेस्ट प्लेस' की सालाना सूची में रखा। चैतन्य मुप्पाला ने एक ऐसी इमर्सिव चॉकलेट फैक्ट्री की कल्पना की, जो आमतौर पर स्विट्जरलैंड जैसे देशों में होती है और साल 2023 में सपना साकार करते हुए मनम चॉकलेट कारखाना लगाया। इस फैक्टरी या कारखाने में लोग, लाइव चॉकलेट बनाने वाले सेक्शन में जाकर चॉकलेट उत्पादन की पूरी प्रक्रिया देख सकते हैं। चॉकलेट निमार्ता विशिष्ट कोवेचुअर की पूरी रेंज बनाते हैं, जहां कच्चे कोको बीन्स रोस्ट करने से लेकर, उन्हें छानने, पीसने, परिष्कृत करने, फिर कॉन्चिंग, टेम्परिंग और ढालते हुए स्मूथ व स्वादिष्ट चॉकलेट में बदलते हैं।कलात्मक तरीके से बिल्कुल अनोखी चॉकलेट की दुनिया बनाने वाले मनम के चॉकलेट निमार्ताओं को विजिटर्स देख भी सकते हैं, जो लजीज बौंबोन्स, ट्रफल्स से लेकर स्नेकेबल बार्क्स और क्लस्टर और मनम के विभिन्न केक भी बनाते हैं। इस कारखाने में चॉकलेट लैब मजेदार जगह है जहां लोग रचनात्मकता से खुद फ्लेवर बनाकर अपनी

> **चॉकलेट निमार्ता विशिष्ट कोवेचुअर की पूरी रेंज बनाते हैं, जहां कच्चे कोको बीन्स रोस्ट करने से लेकर, उन्हें छानने, पीसने, परिष्कृत करने, फिर कॉन्चिंग, टेम्परिंग और ढालते हुए स्मूथ व स्वादिष्ट चॉकलेट में बदलते हैं।कलात्मक तरीके से बिल्कुल अनोखी चॉकलेट की दुनिया बनाने वाले मनम के चॉकलेट निमार्ताओं को विजिटर्स देख भी सकते हैं, जो लजीज बौंबोन्स, ट्रफल्स से लेकर स्नेकेबल बार्क्स और क्लस्टर और मनम के विभिन्न केक भी बनाते हैं।**

चॉकलेट टैबलेट बना सकते हैं। लैब में लोग टैप से बह रही चॉकलेट लेकर, उस पर पसंदीदा टॉपिंग डाल सकते हैं। अपनी बनाई चॉकलेट घर ले जा सकते हैं। मनम फैक्ट्री के क्लासरूम में उच्च गुणवत्ता वाले भारतीय कोको व क्राफ्ट चॉकलेट से जुड़ा नॉलेज प्रोग्राम व वर्कशॉप भी होती है। चॉकलेट प्रेमी अन्य उत्साही लोगों के साथ जुड़ सकते हैं, चखने का अनुभव ले सकते हैं। फिर जब मैं मुंबई लौटा तो मैंने देखा कि महाराष्ट्र के दूरदराज जिलों से आए कई शिक्षक- जिनके लिए संग्रहालय कभी जीवन का हिस्सा नहीं रहे- मुंबई के संग्रहालयों में प्रदर्शित हर वस्तु ऐसे कौतूहल से देख रहे थे, जैसे स्कूल ट्रिप पर आए बच्चे हों। संग्रहालयों की तीन दिवसीय यात्रा में इन 'बड़े बच्चों' ने महसूस किया कि प्राचीन चीजें, विज्ञान प्रदर्शनी, हेरिटेज साइट पर जाकर कैसे इतिहास, भूगोल, विज्ञान के सबक महसूस हो सकते हैं। कई की ये मुंबई की पहली यात्रा थी और पहली बार संग्रहालय आए थे। यह छत्रपति शिवाजी महाराज वस्तु संग्रहालय के ग्रामीण शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का हिस्सा था, ये तीन दिवसीय क्रैश कोर्स शिक्षकों को यह दिखाने के लिए डिजाइन किया गया है कि कैसे संग्रहालय, क्लासरूम के आगे की बात हो सकते हैं और ये पहला प्रयोग है। ये शिक्षक इतिहास को पारंपरिक तरीके से पढ़ने और पढ़ाने के अभ्यस्त थे, लेकिन म्यूजियम आने के बाद उनका दृष्टिकोण बदला और वे विषय को जीवंत बनाने के लिए वस्तुओं की प्रतिकृतियों का उपयोग करने पर विचार कर रहे थे।इस अनुभव से शिक्षकों का दायरा भी विस्तृत हुआ है और वे छात्रों को सामान्य डॉक्टर-इंजीनियर के अलावा अन्य विकल्प बता सकते हैं। जैसे क्यूरेटर, शिक्षक, मानवविज्ञानी और पुरातत्वविद और वे क्या-क्या करते हैं। उन्हें न केवल दशकों पुराने संग्रहालयों में बल्कि वर्ली में विज्ञान केंद्र और एलीफेंटा की गुफाओं में भी ले जाया गया जहां इतिहास पूरे गर्व के साथ मौजूद है।फंडा यह है कि यदि गांव के स्कूलों में साइंस लैब के साथ हिस्ट्री लैब भी हों और शहर के स्कूलों में चॉकलेट फैक्ट्रियों जैसी कुछ फ्यूचर लेब्स हो।

## संत वचन

ईमानदारी से पूरा करने का प्रयास करें, और आइए हम अपने स्वयं के अनुकरणीय जीवन से एक-दूसरे को प्रेरित करना जारी रखें ताकि हम सभी को प्रभु के और करीब ला सकें। ईश्वर हम सभी के साथ रहें और वह हमारे हर प्रयास और प्रयासों को आशीर्वाद दें ताकि हम सभी चीजों में उनकी महिमा करते रहें।आज, चर्च एंटिओक के प्रसिद्ध सेंट इग्नाटियस का पर्व मनाता है, जो एक महान चर्च फादर और प्रारंभिक चर्च के प्रसिद्ध शहीदों में से एक थे, जिनका साहस, विश्वास और ईश्वर के प्रति समर्पण वास्तव में हम सभी के लिए अनुकरणीय और प्रेरणादायक है। एंटिओक के सेंट इग्नाटियस प्रेरितों के शुरूआती उत्तराधिकारियों में से एक थे और प्रेरितों के महान मिशनरी कार्यों के समय में ईसाई धर्म में परिवर्तित हो गए थे, जो चर्च की स्थापना कर रहे थे और दुनिया भर में कई लोगों को खुशखबरी फैला रहे थे। चर्च के इतिहास और परंपरा के अनुसार एंटिओक के सेंट इग्नाटियस सेंट जॉन द एपोस्टल के शिष्य थे, और इसलिए प्रेरितों के बारे में सीधे जानते थे और उनसे सच्चाई प्राप्त की, जिसे उन्होंने ईमानदारी से कायम रखा।

# रोजगार की गारंटी हमारी विशेषता, इसकी रक्षा करें

अगर कोई एक पहल है जिसके लिए भारत को विश्वगुरु कहा जाना चाहिए, तो वह है रोजगार गारंटी। किसी देश में मनरेगा जैसा कानून नहीं है। लेकिन कई देश इस प्रयोग को देख रहे हैं और इससे प्रेरणा ले रहे हैं। मनरेगा के पहले पांच साल ऊर्जा व उम्मीद से भरे थे। बड़ी संख्या में मजदूर काम करने लगे थे। यह उनके और खासकर महिलाओं के लिए नया अवसर था। योजना आकर्षक थी, क्योंकि उस समय मनरेगा की मजदूरी बाजार-मजदूरी से अधिक थी। कार्यक्रम शुरू होने के पांच साल बाद यानी 2011-12 में 5 करोड़ परिवार मनरेगा के तहत कुछ न कुछ काम कर रहे थे। इस कार्यक्रम से 200 करोड़ से ज्यादा व्यक्ति-दिवस यानी हर नियोजित परिवार को औसतन 40 दिन का काम मिल रहा था।

आधे से ज्यादा मजदूर महिलाएं थीं और लगभग 40 प्रतिशत

**एडिट.नोट**

अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के थे। ये आधिकारिक आंकड़े हैं। लेकिन दो स्वतंत्र घरेलू सर्वेक्षणों (भारत मानव विकास सर्वेक्षण और राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण) द्वारा भी इनकी पुष्टि की गई है। आज स्थिति क्या है? कहना बहुत मुश्किल है। अगर हम आधिकारिक आंकड़ों पर गौर करें तो मनरेगा की सेहत बहुत अच्छी है। यह 2011-12 की तुलना में और भी ज्यादा रोजगार पैदा करता है : लगभग 300 करोड़ व्यक्ति-दिवस प्रतिवर्ष।

हालांकि, आज इन आधिकारिक आंकड़ों को मान्य करने के लिए कोई स्वतंत्र सर्वेक्षण उपलब्ध नहीं है। कौन जानता है कि इन 300 करोड़ व्यक्ति-दिनों के रोजगार में से कितने असली हैं और कितने नकली? केंद्र सरकार ने यह धारणा बनाई है कि आधार-आधारित भुगतान जैसे तकनीकी उपायों ने मनरेगा में भ्रष्टाचार को लगभग खत्म कर दिया है। लेकिन मनरेगा मजदूरों, कार्यकताओं और अन्य चिंतित नागरिकों का सामूहिक अनुभव बहुत अलग है। उनके बीच, यह व्यापक रूप से साझा धारणा है कि मनरेगा में भ्रष्टाचार बढ़ा है।जब 20 साल पहले मनरेगा पारित हुआ था, तो उम्मीद थी कि सूचना का अधिकार (आरटीआई) भ्रष्टाचार को खत्म कर देगा। याद रखें, मनरेगा और आरटीआई अधिनियम एक ही वर्ष में पारित किए गए थे। इनके पीछे विचार यह था कि भ्रष्टाचार गोपनीयता पर पनपता है, और अगर गोपनीयता हटा दी जाए, तो भ्रष्टाचार मुश्किल हो जाएगा।

हालांकि, पारदर्शिता अधूरा कदम है। मनरेगा रिकॉर्ड का खुलासा करने से तब तक कोई खास फर्क नहीं पड़ता जब तक कि रिकॉर्ड सत्यापित न हो जाएं। इस अहसास ने सामाजिक अंकेक्षण के विचार को जन्म दिया। सामाजिक अंकेक्षण के दौरान, मनरेगा रिकॉर्ड को सार्वजनिक रूप से सत्यापित किया जाता है।सामाजिक अंकेक्षण ने निश्चित रूप से भ्रष्टाचार को कम करने में मदद की है। वे सतर्कता और सत्यापन में बड़ी संख्या में लोगों को शामिल करते हैं। लेकिन रिकॉर्ड की जांच करना ही काफी नहीं है। बदमाशों को सजा देना भी जरूरी है।जब तक उनको सजा नहीं मिलेगी, वे पकड़े जाने के बाद भी धोखाधड़ी करते रहेंगे। पारदर्शिता, सत्यापन, कार्रवाई- भ्रष्टाचार को रोकने के लिए तीनों की आवश्यकता हैं। यहीं पर सरकारों की बड़ी विफलता है। जब भ्रष्टाचार सामने आता है, तो आमतौर पर ग्राम रोजगार सेवक जैसे छोटे अधिकारियों पर कार्रवाई की जाती है। पर्दे के पीछे काम करने वाले असली बदमाशों को शायद ही कभी सजा मिलती है, भले ही उनका पदार्फाश हो जाए। यह विफलता आकस्मिक नहीं है। अधिकांश भ्रष्ट बिचौलिए राजनीतिक दलों के साथ मिले हुए हैं।

**रश्मि बंसल, - लेखक**

# इस बार की गर्मियों में अपने असली घर को लौट जाइए

कई दिनों बाद ट्रेन से सफर किया। बचपन की याद आई। तब हम गर्मियों की छुट्टियों में ₹वैकेशन' पर नहीं जाते थे। हर साल एक ही मुकाम था- दादी का घर। मुम्बई से रतलाम की दूरी कुछ 10-12 घंटे की थी और दिन में ट्रेन से सफर करने का एक अलग ही चार्म था। खिड़की के पास बैठकर बाहर का नजारा, साथ में लाई हुई आलू-पूरी की पिकनिक। और अगर अपने कम्पार्टमेंट में कोई मिलनसार मिल जाए, फिर तो और भी मजा। उनका लाया हुआ खाना भी चट करने का मौका ?हमें मिलता। क्योंकि आधे-एक घंटे में उस अनजान परिवार से हमारी गहरी दोस्ती हो जाती। शुरू होता कुछ इस तरह- जी, आप कहां से हो? अच्छा, अच्छा, हमारे चाचिया ससुर की बहन की बेटी वहीं ब्याही हुई है। वो फलां मोहल्ले में रहते हैं। मतलब घूम-फिरकर कोई ना कोई पहचान निकल ही आती थी। जी हां, लोग ₹म्युचुअल्स' निकाल लेते थे, क्योंकि उनका दिमाग ही एक जीता-जागता फेसबुक था।

वैसे ट्रेन में कुछ टाइमपास भी जरूरी था। अगर ताश खेलनी हो, दो लोग और मिल जाएं तो गेम का मजा डबल। या फिर अंताक्षरी खेल ली और समय कट गया। एक और अट्रैक्शन था कि हर स्टेशन पर कोई ना कोई खाने का आइटम फेमस था। कहीं का समोसा, कहीं की लस्सी, ऊंची-ऊंची आवाज में फेरीवाले बेचते थे। खैर, कुछ घंटे बाद अपना स्टेशन आता तो दुःखी मन से हम अपने नए दोस्तों से विदा लेते। और फिर कभी मिलने का मौका ना मिलता। मगर वो कुछ घंटे साथ में अच्छे बीते, बस इतना काफी था। देखा जाए तो जीवन भी तो ऐसा ही होता है।

जन्म जब होता है तो आप किसी डिब्बे में चढ़ते हैं। सफर में आपके साथ कुछ लोग हैं, जिन्हें आप मानते हैं अपना परिवार, अपने दोस्त। किसी स्टेशन पर कोई उतर जाता है, तो कोई चढ़ जाता है। ट्रेन चलती रहती है, जैसे जीवन चलता है। किसी का कोई सामान छूट जाता है। मगर गाड़ी रुकती नहीं। कुछ कम सामान लेकर चलते हैं, कुछ ज्यादा। जा रहे हैं चार दिन के लिए, लेकिन दस साड़ियां, चार चप्पलें और पचास क्लिप लेकर। बस, हम तो ऐसे ही हैं। अब ट्रेन में एक्सेस बैगेज चार्जेस नहीं लगते, मगर कई बार दूसरों को एडजस्ट करना पड़ता है।

जब गुलजार साहब ने बोल लिखे थे- ₹मेरा कुछ सामान तुम्हारे पास पड़ा है'- तो उनका मतलब सिर्फ कपड़े-लत्तों से नहीं था। अंग्रेजी में कहते हैं- ₹इमोशनल बैगेज'। यानी वो भावना जो हमारे लिए बोझ बन गई है। चेतना के समंदर में भावना एक लहर है, जो हमारी तरफ दौड़कर आती है। और फिर वापस समंदर में मिल जाती है। लेकिन अगर हम उसको एक बड़े से कंटेनर में स्टोर कर बैठ जाएं तो वो अब लहर नहीं, हमारे कंधे पर एक बोझ है जिसे लेकर हम घूमते हैं। और दूसरों से कहते हैं- आप जरा एडजस्ट करो।

शायद आपको एहसास भी नहीं इस बोझ का, क्योंकि सालों से इसे लिए घूम रहे हैं। या फिर कई जन्मों से। कंटेनर में और जगह नहीं, पानी आसपास छलक रहा है। सबको तकलीफ हो रही है। मगर आप कहते हैं क्या करूं, ये तो अब मेरा हिस्सा बन चुका है।

तो रोज सुबह उठने के बाद, चाय के पहले, दस मिनट आप आंखें मूंदकर बैठ जाएं। हां, इसे कुछ लोगों ने ₹मेडिटेशन' का नाम दिया है। मैं समझती हूं आप अपनी जीवात्मा से कनेक्ट कर रहे हो। शुरू में कॉल लगेगी नहीं, नेटवर्क बिजी मिलेगा, क्योंकि आपके कॉल की उम्मीद ही नहीं थी। फिर एक दिन सम्पर्क बनेगा और एक हलकी-सी आवाज सुनाई देगी। हैलो, जी, बोल रहा हूं। तुम्हारा सच्चा साथी। सुख हो, दुःख हो, मैं हूं ना। दूसरों से अपेक्षा मत करो, प्यार का सागर इधर है। लहरों में खेलो-कूदो, मैं डूबने नहीं दूंगा। जो लहरों में खेलता है, उसे किसी ₹सामान' की जरूरत नहीं। वो खिलखिलाते हुए, बलखाते हुए जिंदगी गुजार लेता है।

## बिजनेस. न्यूज

# सेंसेक्स 1078 अंक चढ़कर 77,984 पर बंद : निफ्टी में 307 अंक की तेजी रही

एजेंसी ● नई दिल्ली

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन आज यानी सोमवार (24 मार्च) को शेयर बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स 1078 अंक (1.40%) चढ़कर 77,984 पर बंद हुआ। निफ्टी में 307 अंक (1.32%) की तेजी रही, ये 23,658 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 24 में तेजी रही। टॉप गेनर्स में कोटक महिंद्रा बैंक 4.63%, ठळढउ 4.51%, रइक3.75%, टेक महिंद्रा 3.54% और पावर ग्रिड 3.27% रहे। वहीं निफ्टी पीएसयू बैंक इंडेक्स में 3.18%, प्राइवेट बैंक में 2.42%, रियल्टी में 1.53%, ऑयल एंड गैस में 1.46% और फाइनेंशियल सर्विसेज इंडेक्स में 1.89% की तेजी रही।विदेशी निवेशक ट्रेंड को बदलते हुए भारतीय बाजार में खरीदारी कर रहे हैं। 21 मार्च को उन्होंने ?7,470.36 करोड़ रुपए की नेट बाइंग की। यह विदेशी निवेशकों की 2025 की सबसे बड़ी नेट बाइंग है। यह बीते हफ्ते का लगातार तीसरा सेशन था, जिसमें विदेशी निवेशकों ने खरीदारी की। बाजार को गिराने वाले जो भी इवेंट थे उसे हम डाइजेस्ट कर चुके हैं। जैसे इजराइल-हमास जंग, ट्रेड वॉर, रूस-यूक्रेन जंग। इसके अलावा टाटा मोटर्स और इंफोसिस जैसे अच्छे फंडामेंटल वाले काफी सारे शेयर सस्ते में मिल रहे हैं, जिसमें लोग खरीदारी कर रहे हैं। टाटा मोटर्स अपने पीक से 40% गिर चुका है। वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में भारत की ॠऊढ 6.2% की दर से बढ़ी है। वहीं रिटेल महंगाई फरवरी में 3.61% रही, जो जनवरी में 4.26% थी। इसके अलावा इंडेक्स ऑफ इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन (कढ) जनवरी में 5% बढ़ा, जो उसके पहले महीने में 3.2% था। एक्सपर्ट्स के मुताबिक ये डेटा इकोनॉमी के लिए पॉजिटिव है।

### ग्लोबल मार्केट में मिलाजुला कारोबार

एशियाई बाजारों में जापान के निक्केई में 0.00024%, हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग इंडेक्स में 0.13% और चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.14% की मामूली गिरावट है। 21 मार्च को अमेरिका का डाओ जोंस 0.076% चढ़कर 41,985 पर बंद हुआ। नैस्डेक कंपोजिट में 0.52% और र&ढ 500 इंडेक?स में 0.082% की तेजी रही। 21 मार्च को विदेशी निवेशकों ने 7,470.36 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। जबकि घरेलू निवेशकों (ऊकक्र) ने 3,202.26 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।

इस साल मार्च 2025 में निफ्टी में बड़ी रिकवरी देखने को मिली है। 4 मार्च को निफ्टी 21,964 के निचले स्तर से अब तक 7.16% चढ़कर 23,658 के स्तर पर बंद हुआ। एक हफ्ते में निफ्टी में 1000 अंक (करीब 5%) से ज्यादा की बढ़त हुई है। बीते चार महीने में यह एक रिकॉर्ड है कि निफ्टी किसी एक हफ्ते में इतना चढ़ा है।बीते हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार (21 मार्च) को सेंसेक्स 557 अंक चढ़कर 76,905 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 159 अंक की तेजी रही, ये 23,350 के स्तर पर बंद हुआ। वही, हफ्तेभर में सेंसेक्स 3077 अंक चढ़ा। शुक्रवार को सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 में तेजी रही। सबसे ज्यादा ठळढउ 3.09%, बजाज फाइनेंस 2.62% और कोटक महिंद्रा बैंक 2.14% चढ़े। महिंद्रा, टाटा स्टील, इंफोसिस, टाइटन और बजाज फिनसर्व में 1% से ज्यादा की गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 38 में तेजी रही। ठरए के सेक्टोरल इंडाइसेज में मीडिया में 2.20%, ऑयल एंड गैस में 1.84% और सरकारी बैंक में 1.06% की तेजी रही। निफ्टी मेटल में करीब 1% की गिरावट रही।

**राज-काज**

### पीएनबी के लाखों खाताधारकों को मिली राहत

**नई दिल्ली:** सरकारी क्षेत्र के दूसरे सबसे बड़े बैंक, पंजाब नेशनल बैंक ने लाखों खाताधारकों को राहत दी है। दअसल, उनके इस समय इसके कई लाख खाताधारकों ने अपने ह्लअपने ग्राहक को जानें केवाईसी को अपडेट नहीं किया है। उनके लिए केवाईसी अपडेट कराने के लिए अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 घोषित की गई है। अब इसमें कुछ दिनों की मोहलत मिल गई है।पीएनबी की तरफ से जारी एक प्रेस रिलीज के मुताबिक अब इसके ग्राहक अपना केवाईसी अपडेट आगामी 10 अप्रैल 2025 तक करा सकेंगे। यह केवल उन ग्राहकों के लिए लागू है जिनके खातों में 31.03.2025 तक केवाईसी अपडेट होना शेष है।भारतीय रिजर्व बैंक (के दिशानिर्देशों के अनुसार पीएनबी ने अपने ग्राहकों से 10.04.2025 तक अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) जानकारी अपडेट करने के लिए आग्रह किया है।

**चीन ने अमेरिका को हरा दिया...!**

# अलीबाबा ने बनाया एआई सिस्टम, सिर्फ चीनी चिप्स का किया इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) की दुनिया में चीन और अमेरिका का मुकाबला कड़ा होने लगा है। फिलहाल इसमें बाजी चीन के हाथ में जाती हुई दिखाई दे रही है। दरअसल, चीन ने एक ऐसा एआई सिस्टम बनाया है जिसमें चीन में बनी सेमीकंडक्टर चिप्स का इस्तेमाल किया गया है।

इसे जैक मा की कंपनी एंट ग्रुप (अल्ल३ ॠ१ङ्म४स्र) ने बनाया है। एंट ग्रुप जैक मा की कंपनी अलीबाबा की ही सहायक कंपनी है। जैक मा कभी न केवल चीन बल्कि एशिया के भी सबसे अमीर शख्स रहे हैं। कंपनी का दावा है कि इस एआई मॉडल की कीमत सामान्य एआई मॉडल के मुकाबले 20 फीसदी कम है।जैक मा की इस खबर के सामने आने के बाद चीन की एक मेडिकल कंपनी टी & द्र के फाउंडर और बड़े कारोबारी अरनॉड बर्ट्रेंड (अ१ल्लं४ि ङी१३१ंल्ली) ने एक्स पर एक पोस्ट की है। इसमें उन्होंने लिखा है कि चीन ने अमेरिका को हरा दिया है। ऐसा इसलिए क्योंकि दुनियाभर में अमेरिकी कंपनियों की चिप्स की डिमांड है। इसमें अमेरिकी कंपनी एनवीडिया सबसे आगे है। हालांकि अब एआई में चीन अपनी पकड़ तेजी से मजबूत बना रहा है।

चीनी एआई चैटबॉट डीपसीक (ऊीस्रररी') के बाद एक चीन की एक और बड़ी उपलब्धि है।मामले की जानकारी रखने वाले लोगों के अनुसार एंट ग्रुप ने घरेलू चिप्स का इस्तेमाल किया। इसमें अलीबाबा और ल४ंद्मी व्ॉल्लङ्ग'ङ्मी२ जैसे सहयोगी कंपनियों के चिप्स शामिल थे। इन चिप्स का इस्तेमाल 'मिक्सचर ऑफ एक्सपर्ट्स' नामक मशीन लर्निंग टेक्नोलॉजी का उपयोग करके मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए किया गया था। सूत्रों के अनुसार इसका रिजल्ट एनवीडिया कंपनी के ल800 जैसे चिप्स के समान थे। एंट अभी भी अक विकास के लिए एनवीडिया का उपयोग कर रहा है। लेकिन अब वह अपने नए मॉडलों के लिए अटऊ और चीनी चिप्स जैसे विकल्पों पर अधिक निर्भर है।




पटना में विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बिहार सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में राजद की वरिष्ठ नेता राबड़ी देवी पार्टी विधायकों के साथ।

# गोल्ड की बाप निकलीं ये क्रिप्टोकरेंसी, एक साल में दिया छप्परफाड़ रिटर्न, बिटकॉइन का दूर-दूर तक नाम नहीं

**नई दिल्ली ।** इन दिनों सोने की कीमत आसमान छू रही है। 24 कैरेट सोने की कीमत 91 हजार रुपये के पार पहुंच गई है। वहीं कुछ क्रिप्टोकरेंसी भी ऐसी हैं जो लगातार धांसू रिटर्न दे रही हैं। इन्होंने एक साल के रिटर्न के मामले में सोने को काफी पीछे छोड़ दिया है। यानी इन्होंने एक साल में सोने से ज्यादा रिटर्न दिया है। हैरानी की बात है कि इनमें दुनिया की सबसे महंगी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन का नाम शामिल नहीं है। एक साल में बिटकॉइन का रिटर्न सोने के मुकाबले कम रहा है।शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सरार्फा बाजार में सोना 91,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोमवार को भी इसमें कुछ तेजी आई। पिछले कुछ समय में सोने की कीमतों में काफी तेजी आई है। बात अगर एक साल की करें तो सोने ने 35 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया है।



ठीक एक साल पहले यानी 23 मार्च 2024 को 24 कैरेट सोने की कीमत 67,395 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। अभी 91,250 रुपये प्रति 10 ग्राम है। एक साल में सोने की कीमत में 23,855 रुपये की तेजी आई है। यानी इसने एक साल में 35 फीसदी रिटर्न दिया है।ऐसी कई क्रिप्टोकरेंसी हैं जिन्होंने एक साल में 35 फीसदी से ज्यादा यानी सोने से भी ज्यादा रिटर्न दिया है। अगर आपने एक साल पहले इन क्रिप्टोकरेंसी में निवेश किया होता तो उसकी वैल्यू गोल्ड से भी ज्यादा होती। एक साल में सोने से ज्यादा रिटर्न देने वाली क्रिप्टोकरेंसी में प्रमुख ये हैं:

## मुख्यमंत्री ने जामसांवली में की चमत्कारिक हनुमानजी की पूजा-अर्चना

# पूरे प्रदेश में हो रहा है तेजी से विकास : सीएम यादव

**संवाददाता ● भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल निर्देशन में सभी क्षेत्रों में विकास के कार्य तेजी से हो रहे है। विकास के कीर्तिमान स्थापित हुये हैं मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जामसांवली सहित प्रदेश में 13 अलग-अलग लोक के निर्माण कार्य से धार्मिक एवं पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। हनुमान लोक का प्रथम चरण का कार्य मई तक पूर्ण करने का लक्ष्य है और द्वितीय चरण में शीघ्र ही हनुमान लोक के विकास के कार्य होंगे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में प्रत्येक वर्ग के कल्याण के कदम उठाए गए हैं। पांढुर्णा में सभी विकास कार्य होंगे, जिससे जिले में औद्योगिक विकास होगा और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री डॉ। यादव ने गुड़ी पडवा (नये विक्रम संवत) की शुभकामनाएँ देते हुये कहा कि नये साल में पांढुर्णा के विकास को प्राथमिकता से किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पांढुर्ना में चमत्कारिक हनुमानजी के मंदिर परिसर जामसांवली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

**निर्माण**

मुख्यमंत्री डॉ।यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार विकास हो रहे हैं और सभी वर्गों के कल्याण के लिये सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसान, युवा, महिला और गरीबों के लिये सरकार प्राथमिकता से कार्य कर रही है। इस बार किसानों से 2600 रूपये प्रति क्विंटल गेहूं खरीदी जायेगी। साथ ही धान उत्पादन पर भी प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में रोजगार देने का लक्ष्य है। लोकसेवा आयोग की परीक्षाएं जो रुकी थीं, वे सभी हो रही हैं। इसी प्रकार गरीबों के हित लिये भी लगातार कार्य किये जा रहे हैं।



**चमत्कारिक हनुमानजी का किया पूजन-अर्चन**

मुख्यमंत्री डॉ। यादव ने जामसांवली में चमत्कारिक हनुमानजी का पूजन-अर्चन कर प्रदेश के कल्याण एवं सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। उन्होंने कन्या-पूजन कर सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर सांसद विवेक बंटी साहू, विधायक कमलेश शाह, पूर्व विधायक नाना भाउ मोहोड़, कलेक्टर अजय देव शर्मा, एसपी सुंदर सिंह कनेश, मंदिर ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष गोपाल शर्मा, पं. रमेश दुबे, संतोष जैन, नरेन्द्र परमार सहित अन्य गणमान्य नागरिक सहित अन्य अधिकारी और आमजन उपस्थित थे।

### वरिष्ठ साहित्यकार शुक्ल को ज्ञानपीठ मिलने पर दी बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रायपुर निवासी वरिष्ठ साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल को 59वां ‹ज्ञानपीठ पुरस्कार› दिए जाने की घोषणा पर उन्हें बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस पुरस्कार के लिए शुक्ल का चयन उनकी सृजनात्मक शक्ति और प्रतिभा के सम्मान के साथ ही हिन्दी साहित्य जगत का भी सम्मान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हिंदी साहित्य जगत के यशस्वी कवि एवं साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम और हिन्दी भाषा के 12वें साहित्यकार हैं, जिन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शुक्ल ने प्रयोगधर्मी लेखन और सरल भाषा शैली के माध्यम से वृहद पाठक वर्ग को साहित्य से जोड़ने में सफलता प्राप्त की है। शुक्ल का साहित्य सृजन मानवीय संवेदनाओं से ओतप्रोत थे। वे सरल और जीवन से जुड़ी हिन्दी में लेखन करते हैं। शुक्ल को मिल रहा ज्ञानपीठ पुरस्कार उनती कृतियों का ही सम्मान नहीं बल्कि यह साहित्य जगत से जुड़ी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरक भी है।

## शॉट न्यूज

### जंगल में बाघों के पास चले जाते हैं सीधी कलेक्टर, जांच

**सीधी।** मध्य प्रदेश सरकार ने सीधी जिले के कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी पर लगे गंभीर आरोपों की जांच के आदेश दिए हैं। उन पर आरोप है कि वे बार-बार अपने निजी वाहन से संजय टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में प्रवेश कर रहे थे, जो वन्यजीव संरक्षण अधिनियम और नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी (एनटीसीए) के नियमों का उल्लंघन है। पर्यावरण कार्यकर्ता अजय दुबे ने वन विभाग में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने कहा है कि कलेक्टर सोमवंशी हर हफ्ते अपने दोस्तों के साथ निजी गाड़ी में टाइगर रिजर्व में घूमने जाते हैं। वे न केवल प्रतिबंधित क्षेत्रों में जाते हैं, बल्कि बाघों के बेहद करीब तक पहुंचते हैं। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि कलेक्टर वन अधिकारियों पर दबाव बनाते हैं और बुधवार दोपहर को भी सफारी करते हैं, जबकि इस दिन आम पर्यटकों के लिए पार्क बंद रहता है।

### जबलपुर में पलटी, तीन की मौत, 30 से अधिक यात्री घायल

**जबलपुर।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या से नागपुर जा रही बस जबलपुर के बरगी थाना अंतर्गत बंजारी घाटी के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बस में सवार एक महिला यात्री समेत तीन की मौत हो गई। वहीं, बस में सवार तीस से अधिक यात्री घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल लगभग डेढ़ दर्जन यात्रियों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीएसपी बरगी अंजुल मिश्रा ने बताया कि पल-पल बस सर्विस की बस क्रमांक एमएच 14 एलबी 8718 अयोध्या से नागपुर जा रही थी। बस में करीब 36 यात्री सवार थे। बरगी थाना अंतर्गत बंजारी घाट में दरगाह के पास तड़के चार बजे बस अनियंत्रित होकर पलट गई। और बस में फंसे यात्रियों को निकालकर उपचार के लिए जबलपुर स्थित शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल और लखनादौन अस्पताल भिजवाया।

### वन विभाग के प्लांटेशन में भड़की आग, तीन झुलसे

**छतरपुर।** गर्मी आते ही पन्ना जिले में जंगलों में आग लगने का भी सिलसिला शुरू हो गया है। उत्तर वन मंडल अंतर्गत आने वाले झलाई प्लांटेशन में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग बुझाने के प्रयास में तीन सुरक्षा श्रमिक झुलस गए और किसी तरह अपनी जान बचाकर भागे। घायलों को आनन-फानन जिला चिकित्सालय पन्ना में भर्ती करवाया गया। वहीं प्लांटेशन में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि उत्तर वन मंडल अंतर्गत आने वाले झलाई प्लांटेशन में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया, जिसे बुझाने के प्रयास में कपूर सिंह यादव उम्र 55 वर्ष, सुरक्षा श्रमिक बुरी तरह झुलस गए और किसी तरह अपनी जान बचाकर भागे।

## राणा सांगा पर बयान को लेकर भड़की करनी सेना ने किया इनाम का ऐलान

**संवाददाता ● भोपाल**

करणी सेना के सदस्यों ने राजपूत योद्धा राणा सांगा पर सांसद रामजी लाल सुमन की टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए समाजवादी पार्टी के मध्य प्रदेश कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। दक्षिणपंथी संगठन की राज्य इकाई ने सुमन का चेहरा काला करने और उन्हें जूतों से मारने वाले को 5 लाख रुपये का इनाम देने की भी घोषणा की है। अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली सपा की राज्य इकाई ने आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारियों ने कार्यालय के बाहर पार्टी के बैनर और पोस्टर क्षतिग्रस्त कर दिए। सपा का कार्यालय भोपाल के तुलसी नगर इलाके में एक सरकारी क्वार्टर में स्थित है। इसके बाद टीटी नगर पुलिस स्टेशन के प्रभारी सुधीर अरजरिया ने पीटीआई को बताया कि करणी सेना के सदस्यों ने एसपी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन के दौरान एक पुतला जलाया। बैनर और पोस्टर को नुकसान पहुंचाने के एसपी के आरोपों के बारे में पूछे जाने पर अरजरिया ने कहा कि ऐसी कोई घटना नहीं हुई। टीटी नगर पुलिस स्टेशन के प्रभारी सुधीर अरजरिया के मुताबिक अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन सत्तारूढ़ बीजेपी की ओर से किया गया था। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारियों के आने से पहले पुलिस मौके पर मौजूद थी, जो साबित करता है कि उन्हें प्रदर्शन के बारे में पहले से जानकारी थी।

**ऐलान**



### करणी सेना ने सुमन को दंडित करने की खाई कसम

करणी सेना ने राजपूत योद्धा के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के लिए सुमन को दंडित करने की भी कसम खाई है। करनी सेना के अनुसार, ‹राणा सांगा ने अपने जीवन में कभी हार का सामना नहीं किया।" संगठन के राज्य प्रमुख शिव प्रताप सिंह चौहान ने कहा, "सांगा, जो मुगलों से लड़ते रहे, उनके शरीर पर 83 चोटें आईं और उनकी एक आंख, एक पैर और एक हाथ चला गया।

#### ये है विवाद की वजह

राणा सांगा या संग्राम सिंह प्रथम 1508 से 1528 तक मेवाड़ के शासक थे। रामजी लाल सुमन ने ‹बाबर की औलाद› शब्द का जिक्र करते हुए कहा कि भारत में मुसलमान मुगल बादशाह को नहीं मानते। उन्होंने कहा, «वे मोहम्मद साहब और सूफी संतों की परंपराओं को अपना आदर्श मानते हैं। यह दावा करते हुए कि राणा सांगा ने इब्राहिम लोदी को हराने के लिए बाबर को बुलाया था। सुमन ने कहा, «अगर मुसलमान ‹बाबर की औलाद› (बाबर के वंशज) हैं, तो आप देशद्रोही राणा सांगा के वंशज हैं। यह स्पष्ट होना चाहिए।

## अपराधी को पकड़ने पहुंची पुलिस टीम पर हमला

**शहडोल।** मध्य प्रदेश के शहडोल में संदिग्ध अपराधी की तलाश कर रही पुलिस टीम पर हमला करने के आरोप में 18 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस एक आपराधिक मामले में एक संदिग्ध को हिरासत में लेने की कोशिश कर रही थी, इसी दौरान भीड़ ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। एक पुलिस अधिकारी ने इस संबंध में जानकारी दी। एसपी रामजी श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया, यह घटना गुरुवार रात बुधार थाना क्षेत्र में हुई। उत्तर प्रदेश के महाराजगंज जिले की एक पुलिस टीम बुधार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईरानी बाड़ा से फिरोज अली नामक एक संदिग्ध को गिरफ्तार करने पहुंची थी। जब टीम उसे ले जा रही थी, तो उसे छुड़ाने के प्रयास में महिलाओं और पुरुषों के एक समूह ने उनके साथ मारपीट और दुर्व्यवहार किया। एक रिपोर्ट के मुताबिक एसपी ने बताया कि कुछ पुलिसकर्मियों को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस की टीम फिरोज अली को पुलिस स्टेशन लाने में कामयाब रही। उन्होंने कहा कि अब हमने पुलिस पर हमले के सिलसिले में सात महिलाओं सहित 18 लोगों पर मामला दर्ज किया है। बुढ़ार पुलिस स्टेशन के अधिकारी संजय जायसवाल ने कहा, बलभद्र सिंह की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 132 (लोक सेवक के खिलाफ आपराधिक बल का प्रयोग), 221 (लोक सेवक के काम में बाधा डालना), 296 (अश्लील कृत्य), 115 (2) (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना) आदि के तहत मामला दर्ज किया गया था। वहीं, 15 मार्च को आदिवासियों के एक समूह ने कथित तौर पर सनी द्विवेदी नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी और फिर उसे बचाने का प्रयास करने वाली पुलिस टीम पर हमला कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप मऊगंज जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर गदरा गांव में एएसआई रामचरण गौतम की मौत हो गई।

**18 पर प्रकरण**

## जल गंगा संवर्धन अभियान में जल स्रोतों की डिजिटल मैपिंग करेगी प्रदेश सरकार



**संवाददाता ● भोपाल**

मध्य प्रदेश में 30 मार्च से 3 महीने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जल को संरक्षित रखना और उसका संवर्धन करना मुख्य है। इसी अभियान के तहत सरकार जल स्रोतों की डिजिटल मैपिंग भी करने जा रही है ताकि सरकार के पास डिजिटल डाटाबेस उपलब्ध हो सके। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने 30 मार्च से 30 जून 2025 तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाने के निर्देश जारी किए हैं। इस जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर कैबिनेट में भी मंजूरी हो चुकी है। यह अभियान पिछले साल भी चलाया गया था।

**अभियान**

जानकारी अनुसार अभियान का मुख्य उद्देश्य जल संरचनाओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए आवश्यक कदम उठाने जाना है। इसी कड़ी में सरकार डिजिटल मैपिंग भी करवा रही है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुताबिक प्रदेश के सभी 55 जिलों की जल संरक्षण का डिजिटल डाटाबेस तैयार किया जाएगा। अभियान के जरिए जल संरचनाओं में जल भराव की स्थिति और दो भिन्न ऋतु की सेटेलाइट के माध्यम से डिजिटल मैपिंग की जाएगी ताकि प्री और पोस्ट मानसून का डाटा तैयार किया जा सके। सरकार का दावा है कि डिजिटल मैपिंग के बाद पेयजल और अन्य सिंचाई संबंधी जल की उपलब्धता को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठाए जा सकेंगे। इससे लोगों को काफी लाभ मिलेगा।

### जल संरचनाओं का किया जाएगा वर्गीकरण

मध्य प्रदेश में चलाए जाने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत समस्त जल संरचनाओं जैसे नदी, तालाब, बावड़ी, पोखर आदि का वर्गीकरण किया जाएगा। इसके अलावा ऐतिहासिक महत्व की जल संरचना जैसे बड़े जलाशय, खेत तालाब, रिचार्ज टैंक, स्टोरेज टैंक आदि का अलग से वर्गीकरण किया जाएगा। इसका भी डाटाबेस सरकार तैयार करेगी। सरकार डिजिटल मैपिंग के जरिए जल संरचनाओं के नाम, उनका अधिपत्य आदि की जानकारी जिओ टेगिंग के माध्यम से उनकी लोकेशन भी सुनिश्चित करेगी। सरकार के पास पूरा हाईटेक डाटा तैयार होगा इसके कई लाभ भविष्य में मिलने के दावे किए जा रहे हैं।

## बीजेपी विधायक चिंतामणि के पक्ष में उतरे पीसीसी चीफ पटवारी

### बोले- नोटिस देना लोकतंत्र की हत्या का संकेत

**संवाददाता ● भोपाल**

बीजेपी विधायक चिंतामणि मालवीय को विधान सभा में अपनी सरकार को घेरने पर पार्टी द्वारा नोट दिया गया है। अब पीसीसी चीफ जीतू पटवारी चिंतामणि के पक्ष में उतर आए हैं। उन्होंने सोमवार को प्रेसवार्ता कर कहा कि मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी द्वारा विधायक चिंतामणि मालवीय को कारण बताओ नोटिस जारी करना यह साबित करता है कि बीजेपी में सच बोलना अपराध बन चुका है। यह दलित विरोधी मानसिकता का परिचायक है और लोकतंत्र के लिए घातक है। दरअसल चिंतामणि मालवीय ने उज्जैन सिंहस्थ 2028 को लेकर किसानों की जमीन अधिग्रहण का मुद्दा विधानसभा में उठाया था। उन्होंने अपनी सरकार पर आरोप लगाया था कि उज्जैन का किसान डरा हुआ है। पटवारी ने कहा कि भाजपा द्वारा मालवीय को नोटिस इसलिए दिया गया क्योंकि उन्होंने लोकतंत्र के प्रति निष्ठा और अपनी जिम्मेदारी निभाई है। उज्जैन में सिंहस्थ 2028 के नाम पर किसानों की जमीन अस्थायी अधिग्रहण के बहाने स्थायी रूप से हड़पने की साजिश रची जा रही है। सिंहस्थ आस्था का केंद्र है, लेकिन सरकार और माफियाओं द्वारा किसानों की जमीन छीनना अन्यायपूर्ण है। यह बीजेपी की साजिश है, जो सच बोलेगा, उसे डराया, धमकाया और कुचला जाएगा। इस समय भू-माफिया सरकार के सिर चढ़कर बोल रहा है। पटवारी ने कहा कि हम चिंतामणि मालवीय के साथ खड़े हैं, क्योंकि उन्होंने जनता की आवाज को बुलंद किया है। किसानों और दलितों का शोषण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस इस अन्याय के खिलाफ हर मंच पर आवाज उठाएगी। पटवारी ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा विधायक चिंतामणि मालवीय ने जनता के हक की लड़ाई लड़ी, लेकिन बीजेपी ने यह दिखा दिया कि जो सरकार के संरक्षण में फल-फूल रहे भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ आवाज उठाएगा।

**नोटिस**



## डेढ़ साल से सीईओ का पद नहीं भर सके मंत्री

**संवाददाता ● भोपाल**

पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने विभाग में अधिकारियों की कमी और स्थानांतरण पर प्रतिबंध के कारण रिक्त जनपदों में मुख्य कार्यपालन अधिकारियों (सीईओ) की नियुक्ति में असमर्थता जताई है। ऐसे में जहां-जहां सीईओ के पद खाली हैं, वहां कब तक नियुक्ति होगी, इसकी समय सीमा बता पाने से भी मंत्री ने इनकार किया है। मंत्री पटेल ने यह जानकारी विधानसभा में विधायक विवेक विक्की पटेल के सवाल के लिखित जवाब में दी। उन्होंने कहा कि विभाग में अधिकारियों की कमी और स्थानांतरण पर प्रतिबंध के कारण जनपद पंचायत खैरलांजी, जिला बालाघाट में मुख्य कार्यपालन अधिकारी की नियुक्ति नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा, 'इसकी कोई निश्चित समय-सीमा बताना संभव नहीं है।' मंत्री ने यह भी बताया कि जिन जनपद पंचायतों में मुख्य कार्यपालन अधिकारी नहीं हैं, वहां विकासखंड अधिकारी (BDO) पदस्थ किए गए हैं। ये अधिकारी विभाग की योजनाओं, कार्यक्रमों के क्रियान्वयन और मॉनिटरिंग का कार्य कर रहे हैं।

विधानसभा सत्र के दौरान विधायक विवेक विक्की पटेल ने सवाल किया था कि जनपद पंचायत खैरलांजी, जिला बालाघाट में मुख्य कार्यपालन अधिकारी का पद डेढ़ साल से अधिक समय से रिक्त पड़ा है। विधायक ने कई बार मुख्यमंत्री, पंचायत मंत्री और विभागीय अधिकारियों को पत्र लिखकर सीईओ की नियुक्ति की मांग की, लेकिन अब तक इस पद को भरा नहीं गया।

### किसानों ने देखा तो ग्रामीणों को दी जानकारी, वन विभाग के कर्मचारी देरी से आए

# आठ फीट लंबा मगरमच्छ खेत में घुसा

**संवाददाता ● दमोह**

मध्य प्रदेश के दमोह जिले के तेंदूखेड़ा जनपद अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत दिनारी के पटी लीलाधर गांव एक खेत में आठ फीट लंबा मगरमच्छ दिखाई दिया। यह मगरमच्छ ब्यारमा नदी से निकलकर खेत में पहुंचा था। किसानों ने देखा तो तत्काल ग्रामीणों को सूचित किया। ग्रामीणों ने खुद ही मगरमच्छ को रेस्क्यू कर नदी में छोड़ा, जबकि वन कर्मी दूर से सेल्फी लेकर अधिकारियों को भेजते रहे। दिनारी सरपंच प्रतिनिधि भोजराज जैन ने बताया मगरमच्छ पटी गांव के मुख्य मार्ग से लगे खेत में था। लंबाई और आकर में वह करीब आठ फीट लंबा था। मगरमच्छ की समस्या दिनारी पंचायत में आयेदिन बनती है। कई बार रेक्स्यू करने के लिए तेंदुखेड़ा वन परिक्षेत्र कार्यालय में शिकायत की, लेकिन वन विभाग रेस्क्यू नहीं करता।

**सूचित**



जिस जगह मगरमच्छ हैं उससे कुछ दूरी पर हाईस्कूल है और बाजू में खेल मैदान है। फिर भी जिम्मेदार अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे। यदि प्रशासन इसी तरह अनदेखी करता रहा तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। मगरमच्छ नदी से निकलकर खेत में पहुंचने की जानकारी के बाद स्थानीय लोगों ने मगरमच्छ का रेक्स्यू किया। यह पहला मामला नहीं है, बल्कि पूर्व में भी कई बार ऐसा हुआ है, जब ग्रामीणों को मगरमच्छ को पकड़ने आगे आना पड़ा। यहां पदस्थ वनकर्मी को आने में ही घंटों लग जाते हैं। रविवार को भी ऐसा ही हुआ, जब नदी से मगरमच्छ निकलकर खेत में पहुंचा उसको लोगों ने देख लिया। डीएफओ को ग्रामीणों ने जानकारी दी तो एक सुरक्षा श्रमिक कुछ समय बाद मौके पर पहुंचा। जब तक ग्रामीण रेस्क्यू कर मगरमच्छ को नदी में छोड़ चुके थे। उसके बाद दो बीटगार्ड मौके पर पहुंचे।

### तीन घंटे नहीं आया वन विभाग का अमला

दिनारी पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि भोजराज जैन ने बताया कि पटी गांव ने मुख्य मार्ग से लगे खेत में मगरमच्छ आ गया था। यह मगरमच्छ ब्यारमा नदी से निकलकर खेत में पहुंचा था। तीन घंटे तक जब कोई वन अमला नहीं आया तो ग्रामीणों ने ही मगरमच्छ का रेक्स्यू किया। बाद में एक सुरक्षा श्रमिक आया जब तक रेक्स्यू हो चुका था। दमोह वन मंडलअधिकारी ईश्वर जरांडे ने बताया कि सूचना मिलते ही वन अमले को मौके पर भेजा था। मगरमच्छ छोटा था, रेक्स्यू करके उसको नदी में छोड़ा गया है।

दैनिक आदित्य भारत
!! श्रीकृष्ण शरणंमम!!
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, मंगलवार, 25 मार्च, 2025
www.adityabharat.com



# जॉन अब्राहम की 'द डिप्लोमैट' ने दिखाया दम

बॉलीवुड एक्टर जॉन अब्राहम पिछले 2 दशक से फिल्में कर रहे हैं। उन्होंने लीड रोल में कई सारी फिल्में की हैं। लेकिन एक्टर के नसीब में सुपरहिट इतनी आसानी से नहीं आई। मौजूदा समय में भी उनकी फिल्म द डिप्लोमैट रिलीज हुई है। लेकिन ये फिल्म ऑडियंस के लिए तरस रही है। एक्टर की फिल्म को देखने में लोगों की दिलसच्पी अभी कम नजर आ रही है। वहीं अपनी रिलीज का एक महीना पूरा कर चुकी विकी कौशल की फिल्म छावा के बराबार कमाने में भी स्ट्रगल करती नजर आ रही है। फिल्म की कमाई के ताजा आंकड़े आ गए हैं। इस फिल्म को मौजूदा समय में छावा के अलावा साउथ फिल्म कोर्ट से भी कड़ी टक्कर मिल रही है। जॉन अब्राहम की द डिप्लोमैट ने कितने कमाए?



जॉन अब्राहम की फिल्म द डिप्लोमैट को रिलीज हुए 8 दिन का वक्त हो चुका है। इन 8 दिनों में फिल्म का कलेक्शन कुछ खास नहीं रहा है। फिल्म 20 करोड़ रुपये के बजट में बनी है। हालांकि फिल्म ने अपना बजट तो निकाल लिया है लेकिन इसके बाद भी इसका कलेक्शन धीमा ही कहा जाएगा। जॉन अब्राहम की फिल्म का मौजूदा समय में किसी भी दूसरी हिंदी फिल्म से सामना नहीं है। एक महीना पहले रिलीज हुई छावा से ही उनका कॉम्पिटीशन था। फिल्म के पास अच्छी कमाई करने का सुनहरा मौका था लेकिन नतीजा कुछ खास नहीं रहा। कई पैंतरे अपनाने के बाद भी इस फिल्म को देखने में लोगों की कोई खास रुचि नजर नहीं आ रही है। द डिप्लोमैट ने 8 दिन में 20.40 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। शुक्रवार को फिल्म की कमाई में गिरावट देखने को मिली और सैकनिल्क की रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म ने 1.25 करोड़ रुपये कमाए हैं।

छावा की बात करें तो अभी भी इस फिल्म में दम नजर आ रहा है। धीरे-धीरे ही सही लेकिन फिल्म 800 करोड़ का आंकड़ा छूने की ओर बढ़ रही है। विकी की फिल्म ऐसा कर पाएगी कि नहीं ये कह पाना अब मुश्किल होगा। फिलहाल फिल्म ने भारत में 575 करोड़ कमा लिए हैं। वहीं इसका वर्ल्डवाइड कलेक्शन भी 750 करोड़ के आसपास पहुंच गया है। वहीं साउथ की लो बजट फिल्म कोर्ट का सिनेमाघरों में अलग ही भौकाल नजर आ रहा है। सैकनिल्क की रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म ने शुक्रवार को 1.89 करोड़ रुपये कमाए हैं। इस लिहाज से 8 दिन में फिल्म ने 25.89 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है जो जॉन अब्राहम की द डिप्लोमैट से ज्यादा है। मतलब कि साउथ की एक लो बजट की फिल्म के सामने भी जॉन अब्राहम की फिल्म सरेंडर करती नजर आ रही है।

# जो काम वरुण धवन 13 वर्षों में करने से चूक गए।।। वो उनकी भतीजी ने कुछ महीनों में ही कर दिखाया

वरुण धवन फिल्मी सितारों में काफी फेमस नाम हैं। उन्होंने 2010 में करण जौहर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से अपने करियर की शुरुआत की थी। हालांकि, इतने लंबे वक्त से इंडस्ट्री में होने के बाद भी वो सलमान खान के साथ फिल्म में नजर नहीं आ सके। हालांकि, वरुण की फिल्म बेबी जॉन में सलमान खान ने कैमियो किया था, लेकिन दोनों बतौर को-स्टार किसी भी फिल्म में नजर नहीं आए हैं, लेकिन एक्टर की भतीजी ने ये केवल कुछ ही महीनों में ही कर दिखाया है। दरअसल, सलमान खान की अपकमिंग फिल्म सिकंदर इस वक्त काफी चर्चा में है। ये फिल्म 30 मार्च को रिलीज होगी। फिलहाल फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म में अंजिनी धवन भी शामिल हैं, जो कि वरुण की भतीजी हैं। 23 मार्च को फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया है, जिसमें अंजिनी की कुछ झलकियां दिखाई दी हैं। हालांकि, अब फिल्म आने के बाद ही पता चलेगा कि अंजिनी फिल्म में किस किरदार को निभाने वाली है। अंजिनी और वरुण की बात करें, तो वो एक्टर के भाई सिद्धार्थ धवन की बेटी हैं। अंजिनी ने पिछले साल यानी साल 2024 में ही बिन्नी एंड फैमिली से अपना फिल्मी करियर शुरू किया था। सिकंदर एक्ट्रेस की दूसरी फिल्म है। अंजिनी ने फिल्मी दुनिया में बतौर एक्टर कदम रखने से पहले 'कुली नंबर 1' के सेट पर बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर (एडी) काम किया था। ये फिल्म साल 2020 में रिलीज हुई थी, जिसमें वरुण धवन लीड एक्टर थे। अंजिनी ने सिकंदर फिल्म का हिस्सा बनने के बाद बताया था कि ये बिल्कुल एक सपने को जीने की तरह ही है। एक्ट्रेस ने बताया कि वो सलमान खान की बहुत बड़ी फैन हैं और उन्हें एक्टर की पार्टनर फिल्म काफी पसंद है।



# रोमांटिक हीरो जब बना खूंखार विलेन

इमरान हाशमी ने कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। उन्हें बड़ा ब्रेक तब मिला जब उन्होंने अनुराग बसु की 'मर्डर' में अश्मित पटेल और मल्लिका शेरावत के साथ काम किया। 2004 की सफलता के बाद, इमरान हाशमी ने गैंगस्टर, वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई, द डर्टी पिक्चर और जन्नत सहित कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों में काम किया। एक्टर ने फिल्म इंडस्ट्री न सिर्फ रोमांटिक हीरो बल्कि विलेन के किरदार में भी काम किया है।



इमरान हाशमी बॉलीवुड के वो एक्टर है जो अपनी फिल्मों से ज्यादा रोमांटिक गानों के लिए जाने जाते हैं। हालांकि, बहुत कम लोग जानते हैं कि इमरान के पिता ने भी बॉलीवुड में काम किया है। हां, आपने सही पढ़ा! इमरान हाशमी के पिता अनवर हाशमी मशहूर सुपरहिट फिल्म 'बहारों की मंजिल' में नजर आए थे, जिसमें मीना कुमारी और धर्मेंद्र लीड रोल में थे। फिल्म का एक पुराना वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें अनवर के साथ फरीदा जलाल और मीना कुमारी भी थीं। एक फिल्म में काम करने के बावजूद भी इमरान के पिता ने अपनी बेहतरनी एक्टिंग स्किल से सभी का दिल जीत लिया। फरीदा जलाल के साथ उन्हें अपना टैलेंट दिखने का मौका मिला। आपको यह जानकर हैरानी हो सकती है कि इमरान हाशमी की दादी, उनके पिता के अलावा, 1950 के दशक में एक मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्री थीं। मेहरबानो मोहम्मद के नाम से मशहूर, उन्होंने फिल्म निर्माता भगवान दास वर्मा से शादी करने के बाद अपना नाम बदलकर पूर्णिमा दास वर्मा रख लिया था। इमरान हाशमी के दादा भारत-पाक विभाजन के दौरान पाकिस्तान चले गए थे। इसके बाद उनके पिता मुंबई वापस आ गए और यहीं अपना घर बना लिया। महेश भट्ट की मां और इमरान की दादी पूर्णिमा बहनें थीं। कम ही लोग जानते हैं कि अमिताभ बच्चन जैसी हस्तियां इमरान खान की दादी के साथ पर्दे पर नजर आ चुकी हैं। जी हां, अमिताभ की सुपरहिट फिल्म 'जंजीर' में पूर्णिमा दास वर्मा ने अमिताभ की मां का किरदार निभाया था।

# अपने और रश्मिका के बीच एज गैप पर बोले सलमान

## जब हीरोइन को प्रॉब्लम नहीं, तो आपको क्यों
## 30 मार्च को रिलीज होगी फिल्म



सलमान खान और रश्मिका मंदाना पहली बार फिल्म सिकंदर में साथ नजर आएंगे। फिल्म की अनाउंसमेंट के बाद से ही 59 साल के सलमान के साथ 28 साल की रश्मिका को कास्ट करने पर लोगों ने मेकर्स पर सवाल उठाए थे। अब सलमान खान ने ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया है। सलमान खान की मच-अवेटेड एक्शन थ्रिलर फिल्म सिकंदर का रविवार को मुंबई में ट्रेलर लॉन्च इवेंट रखा गया था। इस इवेंट में सलमान से उनके और रश्मिका के बीच 31 साल के एज गैप को लेकर सवाल पूछा गया था। जवाब देते हुए सलमान खान ने कहा, 'जब हीरोइन को प्रॉब्लम नहीं हो रही है तो आपको क्यों हो रही है। इनकी शादी होगी, बच्ची होगी, तो उनके साथ भी काम करेंगे। मम्मी की परमिशन तो मिल ही जाएगी।' इस बातचीत के दौरान सलमान खान ने रश्मिका मंदाना के काम की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि उन्हें रश्मिका को देखकर अपना बचपन याद आता है। सलमान ने बताया कि रश्मिका एक साथ दो बड़े प्रोजेक्ट, पुष्पा 2 और सिकंदर पर काम कर रही थीं। सलमान ने कहा, 'रश्मिका फिल्म पुष्पा 2 की शूटिंग शाम 7 बजे तक कर रही थीं। वह रात 9 बजे सिकंदर के सेट पर आती और सुबह 6:30 बजे तक हमारे साथ शूटिंग करती और फिर पुष्पा के सेट पर वापस चली जाती थीं। इस दौरान पैर में चोट लगने के बाद भी उन्होंने शूटिंग जारी रखी, एक दिन भी शूट कैंसिल नहीं किया। 'सिकंदर' के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में सलमान खान से रश्मिका मंदाना के साथ उम्र के फासले को लेकर सवाल किया गया था तो इस पर उन्होंने कहा था, 'फिर वो बोलते हैं 31 साल का अंतर है हीरोइन और मुझमें। जब हीरोइन को समस्या नहीं है, हीरोइन के पिता को समस्या नहीं है तो तुमको क्या प्रॉब्लम है? कल जब इनकी शादी हो जाएगी। बच्चे हो जाएंगे तो उनके साथ भी काम करेंगे। पति की इजाजत तो मिल ही जाएगी ना?' इतना ही नहीं, सलमान खान ने रश्मिका मंदाना की मेहनत की तारीफ भी की। वो बताते हैं कि एक्ट्रेस ने बीमारी में भी शूट को कैंसिल नहीं किया था। सलमान ने ट्रेलर लॉन्च इवेंट में बताया कि रश्मिका ने अपना बेस्ट दिया है। उस सयम वो 'पुष्पा 2' की शूटिंग कर रही थीं और शाम 7 बजे वहां पर शूटिंग खत्म होती थी।




# स्नेहा बकली और सरस्वती सरगम का लोकगीत 'पिया अइसे ना चली' रिलीज

अभिनेत्री स्नेहा बकली और गायिका सरस्वती सरगम का लोकगीत 'पिया अइसे ना चली' रिलीज हो गया है। स्नेहा बकली और सरस्वती सरगम की शानदार जोड़ी में आया भोजपुरी लोकगीत 'पिया अइसे ना चली' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस लोकगीत को लेकर के स्नेहा बकली ने कहा कि 'मेरे लिए सबसे लक की बात यह है कि जब से मैं वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी म्यूजिक कंपनी से जुड़ी हूं, तब से भोजपुरी में अच्छे-अच्छे गाने करने को मिल रहे हैं। इस गाने की शूटिंग में हमने बहुत इंज्वॉय किया था, जोकि इस गाने में दिख रहा है। इस गाने को अपना भरपूर प्यार आशीर्वाद देने के लिए सभी दर्शकों को तहेदिल से धन्यवाद देती हूं। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत लोकगीत 'पिया अइसे ना चली' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को सरस्वती सरगम ने गाया है। इस गाने में स्नेहा बकली ने अभिनय किया है। इस गाने को रवि यादव ने लिखा है, जबकि संगीतकार विक्की वॉक्स हैं। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, डीओपी गौरव राय एंड रंजन, कोरियोग्राफर रौनक एंड रंजन, एडीटर आलोक गुप्ता है। प्रोडक्शन पंकज सोनी ने किया है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

# मोनालिसा ने अपने कातिलाना डांस से जीता दिल

भोजपुरी सिनेमा की मशहूर एक्ट्रेस मोनालिसा हमेशा अपने लुक्स और डांस को लेकर चर्चा में रहती हैं। वह अब तक कई सुपरस्टार के साथ सुपरहिट फिल्में दे चुकी है। साथ ही कई गनों से तहलका मचा चुकी है। उनका हर वीडियो रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगता है। इस बार उन्होंने धमाकेदार डांस मूव्स से इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। हाल ही में मोनालिसा ने बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री' के सुपरहिट गाने 'आओ कभी हवेली पे' पर डांस कर सभी का ध्यान अपनी ओर खींच



लिया। इस वायरल वीडियो में भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा अपने कातिलाना एक्सप्रेशंस और शानदार मूव्स के कारण चर्चा में बनी हुई हैं। उनके ग्लैमरस अंदाज और जबरदस्त डांस की लोगों सोशल मीडिया पर खूब तारीफ कर रहे हैं। ये वीडियो देखते ही देखते वायरल हो गया, जिसपर लोग जमकर प्यार लुटा रहे हैं। मोनालिसा के इस वीडियो ने इंटरनेट पर आते ही तहलका मचा दिया है। इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर यह वीडियो छाया हुआ है। भोजपुरी फिल्मों और गानों में नजर आने वाली मोनालिसा टीवी और ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी अपनी पहचान बना चुकी हैं। मोनालिसा सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी तस्वीरों और वीडियो के लिए अक्सर फैंस के बीच लाइमलाइट में रहती है। एक्ट्रेस का जन्म एक बंगाली हिंदू परिवार में हुआ था।

# 'दिल बेचारा' सुशांत सिंह राजपूत की वो आखिरी फिल्म

## क्यों बार-बार दिल पर देती है दस्तक?

कोविड 19 के कहर के दौरान देश में कई ह्रदय विदारक घटनाएं हुईं और उसी दौर में होनहार युवा अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की खुदकुशी की खबर ने तमाम लोगों को झकझोर दिया। तारीख थी- 14 जून 2020। और इस घटना के करीब चालीस दिनों के बाद यानी 24 जुलाई 2020 को डिज्नी हॉटस्टार पर सुशांत की आखिरी फिल्म वर्ल्डवाइड रिलीज की गई- दिल बेचारा। इस फिल्म ने सुशांत के प्रति लोगों के दिलों में और भी गहरी संवेदना भर दी। कोरोना की वजह से यह फिल्म सिनेमा हॉल में रिलीज नहीं हो सकी थी।



सुशांत सिंह राजपूत की श्रद्धांजलि में इसे समर्पित किया गया और देश-विदेश में उनको चाहने वाले या उनकी खुदकुशी से आहत लोगों की भावना ने दिल बेचारा को एक यादगार फिल्म बना दिया। मुझे याद है तब तमाम लोगों की यही प्रतिक्रिया थी कि दिल बेचारा में सुशांत के कैंसर पीड़ित किरदार को देखने के बाद उनकी आंखें भर आईं। काय पो छे, डिटेक्टिव ब्योमकेश बक्शी, एम।एस।धोनी, राब्ता, वेलकम टू न्यू यॉर्क, केदारनाथ, छिछोरे जैसी फिल्मों से कहीं ज्यादा इस फिल्म ने उनके प्रति लोगों में हमदर्दी जगाई। हालांकि दिल बेचारा ऋषिकेश मुखर्जी की आनंद जैसी फिल्मों की ऊंचाई तो हासिल नहीं करती लेकिन तात्कालिक जनभावनाएं सुशांत के साथ थीं। फिल्म दो ऐसे किरदारों की दोस्ती और प्यार की कहानी कहती है जो कैंसर से पीड़ित हैं। फिल्म अंग्रेजी नॉवेल (द फॉल्ट इन आवर स्टार्स, लेखक-जॉन ग्रीन) पर आधारित थी लेकिन इसमें यूरोपीय माहौल नहीं बनने दिया था। फिल्म की खासियत यह थी कि जागरुक दर्शक इसके कथ्य, किरदारों के दर्द और उल्लास से खुद को जोड़ पा रहे थे। कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा की यह डेब्यू डायरेक्टोरियल फिल्म थी।फिल्म की कहानी का परिवेश झारखंड के खूबसूरत शहर जमशेदपुर का है। यहां एक बंगाली बासु परिवार है, जिसकी लड़की कीजी (संजना सांघी) थॉयरायड कैंसर की मरीज है और वह हमेशा ऑक्सीजन लेकर चलती है। नीरस जीवन जीने को मजबूर है। बीमारी ने जीवन में नैराश्य भर दिया है। लेकिन उसकी जिंदगी में ऊर्जा का अहसास तब होता है जब उसे मैनी (सुशांत सिंह राजपूत) नामक एक जिंदादिल युवक मिलता है। वह कभी बास्केट बॉल का खिलाड़ी था, लेकिन बाद में उसका एक पैर चला जाता है और साथ में वह कैंसर मरीज भी है। दोनों की मुलाकात, दोस्ती और फिर प्यार भी। कीजी को एक अधूरे गाने की पंक्तियां बहुत पसंद है- मैं तुम्हारा। इस गाने के सिंगर का नाम है- अभिमन्यू वीर (सैफ अली खान)। वह उससे मिलना चाहती है। गाने के अधूरेपन के बारे में कुछ पूछना चाहती है। इसमें मैनी उसकी मदद करता है। उसे काफी मशक्कत के बाद पता चलता है कि अभिमन्यू वीर पेरिस में रहता है। इसके बाद कीजी, मैनी और मां के साथ पेरिस जाती है। अभिमन्यू से मिलती है लेकिन उसे बहुत झटका लगता है क्योंकि

## न्यूज कॉलम

### जिस रास्ते से गुजरेगा राष्ट्रपति का काफिला, वहां हुआ सड़क हादसा

रायपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन से ठीक पहले रायपुर में एक बड़ा सड़क हादसा हो गया है. उनके तय रूट पर रिंग रोड नंबर 3 पर दो ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिससे सड़क पर पेंट फैल गया है. हादसा मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में हुआ, जहां रेत से भरे डंपर और पेंट लदे ट्रक की जबरदस्त टक्कर हो गई.हादसे के चलते सड़क पर चारों तरफ पेंट फैल गया, जिससे ट्रैफिक बाधित हो गया. प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए रिंग रोड नंबर 3 का एक साइड आम ट्रैफिक के लिए बंद कर दिया और राष्ट्रपति के काफिले के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई. घटना के बाद मौके पर पुलिस और प्रशासन की टीम पहुंची और रास्ते को जल्द से जल्द क्लियर करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### पूर्वोत्तर के स्वाद और शिल्पकला का भी जलवा

# खैरागढ़ में ऑक्टेव 25 महोत्सव का हुआ भव्य समापन पूर्वोत्तर के कलाकारों ने जीवंत प्रस्तुतियों से किया मंत्रमुग्ध

संवाददाता ● खैरागढ़




इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय ह्यऑक्टेव 25द्ग महोत्सव का कल भव्य समापन हुआ. दक्षिण-मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, नागपुर, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस आयोजन में पूर्वोत्तर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिली. 21 से 23 मार्च 2025 तक चले इस भव्य आयोजन में असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा के 280 से अधिक कलाकारों ने अपने पारंपरिक नृत्य और लोकसंस्कृति की अद्भुत प्रस्तुतियां दीं.महोत्सव के आखिर दिन मणिपुर का ढोल चोलम, पुंग चोलम और बसंत रास, असम का बिहू नृत्य, त्रिपुरा का होजागीरी, नागालैंड का नजाता, अरुणाचल प्रदेश का गास्यो स्यो नृत्य, मिजोरम का चेराव नृत्य और सिक्किम का तामाङ सेलो जैसे अनूठे नृत्य रूपों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया.सिर्फ नृत्य और संगीत ही नहीं, बल्कि इस महोत्सव में पूर्वोत्तर की पारंपरिक हस्तशिल्प कला और व्यंजनों का भी शानदार प्रदर्शन किया गया. दर्शकों ने न केवल रंग-बिरंगे और आकर्षक हस्तशिल्पों की खरीदारी की, बल्कि पूर्वोत्तर के पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद भी चखा. महोत्सव का ग्रैंड फिनाले विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें आठों राज्यों के कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया. पारंपरिक वेशभूषा, लोकसंगीत और नृत्यशैली ने दर्शकों को पूर्वोत्तर की सांस्कृतिक विविधता से परिचित कराया. समापन समारोह में रानी विभा देवव्रत सिंह समेत खैरागढ़ और देश-विदेश के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. आयोजन की सफलता में इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ और जिला प्रशासन का विशेष योगदान रहा.ऑक्टेव 25 महोत्सव ने न सिर्फ पूर्वोत्तर की समृद्ध लोकसंस्कृति को देश के अन्य हिस्सों तक पहुंचाने का कार्य किया, बल्कि खैरागढ़ को भी राष्ट्रीय सांस्कृतिक आयोजनों के मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाई।

### संदिग्ध हालत में मिली महिला की लाश

कोरबा। कटघोरा थाना क्षेत्र में स्थित दुर्गा मंदिर के पास एक महिला की लाश संदिग्ध हालत में मिली है. घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है. मामले की सूचना पर पुलिस पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है.जानकारी के अनुसार, महिला किराए के मकान में अकेले रहती थी और मजदूरी करती थी. आज सुबह महिला की लाश घर के पीछे स्थित बाड़ी में पाई गई, जबकि घर का पिछला दरवाजा खुला हुआ था. महिला की लाश संदिग्ध अवस्था में पाई गई, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है. घटनास्थल के पास और घर के दरवाजे पर खून से सने हुए ईंट भी मिले हैं, जो इस मामले को और संदिग्ध बना रहे हैं. कटघोरा थाना पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक एक्सपर्ट को मौके पर बुलाया है. फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### एक्सप्रेस-वे पर बाइक के साथ मिली युवक की लाश

रायपुर। राजधानी रायपुर के शंकर एक्सप्रेस-वे के नाले में एक युवक की संदिग्ध लाश मिली है, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर जांच में जुट गई है. प्रथम दृष्ट्या युवक की हत्या कर शव को फेंकने की आशंका जताई जा रही है.यह मामला खम्हारडीह थाना क्षेत्र का है।जानकारी के अनुसार, मृतक के पास से एक यामाहा मोटरसाइकिल (उत्र्र 04 ढत्र् 5676) भी बरामद हुई है, जिसे घटनास्थल से पुलिस ने जब्त किया है. पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के लिए त्र्रछ और डॉग स्कॉड की टीम को भी मौके पर बुलाया है. वहीं पुलिस ने शव की शिनाख्त की प्रक्रिया शुरू की और मृतक की पहचान 25 वर्षीय मेघराज के रूप में की, जो चंपारण का निवासी था. मृतक के पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान की पुष्टि हुई है।

## लोकतांत्रिक परंपराओं की मिसाल है छत्तीसगढ़ विधानसभाः मुख्यमंत्री साय

संवाददाता ● रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती समारोह के अवसर पर प्रदेशवासियों की ओर से भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का आत्मीय स्वागत करते हुए कहा कि यह हम सभी का सौभाग्य है कि जब छत्तीसगढ़ विधानसभा अपने गौरवशाली 25 वर्षों का उत्सव मना रही है, तब देश की प्रथम नागरिक हमारे बीच उपस्थित हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2000 में भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में बने छत्तीसगढ़ का रजत वर्ष संयोग से उनके जन्मशताब्दी वर्ष में पड़ रहा है, जिसे हम अटल निर्माण वर्ष के रूप में मना रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी विधानसभा की 25 वर्षों की यात्रा लोकतंत्र की सुदृढ़ परंपराओं की प्रतीक है। वैदिक काल से चले आ रहे भारतीय लोकतंत्र को छत्तीसगढ़ ने अपने कार्यों से मजबूत किया है। सदन में जनहितकारी विषयों पर गंभीर चचार्एं, सशक्त विमर्श और स्वस्थ वातावरण में लिए गए निर्णय, हमारी संसदीय संस्कृति को समृद्ध करते हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा ने केवल विधायी कार्य ही नहीं, बल्कि प्रतिनिधियों के नेतृत्व विकास को भी प्राथमिकता दी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी कहते हैं कि सीखने की प्रक्रिया निरंतर चलनी चाहिए। हाल ही में विधानसभा सदस्यों के लिए आईआईएम रायपुर में आयोजित पब्लिक लीडरशिप प्रोग्राम इसका उदाहरण है, जहाँ नेतृत्व और प्रशासन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए संकल्पबद्ध हैं। विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का स्वागत करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा को यह गौरव प्राप्त है कि तीसरी बार भारत के राष्ट्रपति ने सदन को संबोधित किया है। इससे पहले स्वर्गीय डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम और श्रीमती प्रतिभा देवी सिंह पाटिल विधानसभा को संबोधित कर चुके हैं। उन्होंने राष्ट्रपति मुर्मु जी के सरल, संघर्षशील और प्रेरणादायक जीवन को देश की महिलाओं, जनप्रतिनिधियों और युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बताया। उन्होंने छत्तीसगढ़ विधान सभा की 25 वर्ष की यात्रा को लोकतांत्रिक मूल्यों की सुदृढ़ता की यात्रा बताया। उन्होंने कहा कि सदन में स्वअनुशासन की परंपरा स्थापित की गई, जहां सदस्यों ने स्वयं बनाए नियमों का पालन कर पूरे देश के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया।

डॉ. सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा ने संसदीय गतिविधियों के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई है। उन्होंने उल्लेख किया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा ने 2011 में लोक सेवा गारंटी अधिनियम, और 2012 में खाद्य सुरक्षा अधिनियम पारित किए, जो अंत्योदय और समावेशी विकास के प्रतीक हैं। डॉ. रमन सिंह ने बताया कि शीघ्र ही विधानसभा नया रायपुर स्थित नवीन भवन में स्थानांतरित होगी। उन्होंने राष्ट्रपति जी की उपस्थिति को सदन की स्मृतियों में एक अमिट अध्याय बताया। उन्होंने कहा कि विधानसभा में सदन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनप्रतिनिधियों और पत्रकारों को नियमित रूप से पुरस्कार व सम्मान दिया जाता है, जो लोकतांत्रिक चेतना को सुदृढ़ करते हैं। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का हृदय से स्वागत करते हुए उन्हें संघर्ष, सादगी और सेवा की प्रतीक बताया।

### टक्कर से शिक्षक की मौके पर मौत

कोरबा। जिले के ग्राम लमना के पास कटघोरा-अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग (ठल्ल-130) पर एक अज्ञात ट्रेलर ने शिक्षक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बांगो थाना पुलिस मौके पर पहुंची, मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और फरार ट्रेलर व उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है।मृतक शिक्षक की पहचान समारसय पिता कंवल साय खैरवार (50 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वे नवापारा विद्यालय से परीक्षा संपन्न कराकर पेपर जमा करने हाईस्कूल की ओर जा रहे थे, तभी पीछे से आ रहे एक अज्ञात ट्रेलर ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि शिक्षक की मौके पर ही मौत हो गई।

#### फरार ट्रेलर चालक की तलाश में पुलिस


बांगो थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक शिक्षक के परिजनों को सूचना दे दी गई है और फरार ट्रेलर चालक की तलाश में पुलिस की टीम जुटी हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

**स्थानीय लोगों में आक्रोश, सड़क सुरक्षा की उठी मांग**

इस हादसे के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार भारी वाहनों की आवाजाही लगातार बढ़ रही है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। लोगों ने सड़क सुरक्षा के कड़े इंतजाम और स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## आपीएल शुरू होते ही सजा सट्टेबाजी का बाजार

### ऑनलाइन सट्टा संचालित करते 2 गिरफ्तार



संवाददाता ● रायपुर

रायपुर। आईपीएल शुरू होते ही सट्टेबाजों की सक्रियता बढ़ गई है और ऑनलाइन सट्टेबाजी का जाल तेजी से फैल रहा है. रायपुर में पुलिस ने ऐसी ही एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो सटोरियों को गिरफ्तार किया है, जो मोबाइल के जरिए क्रिकेट और अन्य खेलों पर सट्टा संचालित कर रहे थे।

पुलिस ने मौके से दो मोबाइल जब्त किए हैं, जिनमें सट्टेबाजी के सबूत मिले हैं.जानकारी के अनुसार, आईजी रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा और एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और तेलीबांधा पुलिस को सट्टेबाजों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे. इसी दौरान 23 मार्च 2025 को एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट को सूचना मिली कि तेलीबांधा थाना क्षेत्र की गली नंबर 03 में स्थित गौतम डेली नीड्स के सामने दो व्यक्ति मोबाइल के जरिए ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों व्यक्तियों को पकड़ा. पूछताछ में उन्होंने अपनी पहचान चंचल दास जयसिंघानी और गौतम आहूजा , दोनों निवासी तेलीबांधा, रायपुर के रूप में बताई।

#### वेबसाइट के जरिए चला रहे थे सट्टा

पुलिस ने जब उनके मोबाइल फोन की जांच की, तो पाया कि वेबसाइट पर आईडी बनाकर ऑनलाइन सट्टा चला रहे थे. इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो मोबाइल फोन जब्त कर लिए. तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 7 एवं भारतीय दंड संहिता की धारा 111 के तहत मामला दर्ज किया है।

## हाई-प्रोफाइल जुआ अड्डे पर पुलिस का छापा, 10 गिरफ्तार, नगदी जब्त

संवाददाता ● रायपुर



राजधानी रायपुर में पुलिस ने जुए के एक बड़े अड्डे का भंडाफोड़ किया है. न्यू राजेन्द्र नगर थाना क्षेत्र स्थित गोमती विहार में चल रहे जुए के अड्डे पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और न्यू राजेन्द्र नगर पुलिस की संयुक्त टीम ने गोमती विहार के गोल्डन स्टेट स्थित एक मकान में छापेमारी कर 10 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1,66,000 नगद और 52 पत्तों की ताश बरामद की है. आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ राज्य जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 4 और 5 के तहत मामला दर्ज किया गया है. जानकारी के अनुसार, 23 मार्च को एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट को सूचना मिली थी कि गोमती विहार स्थित एक मकान में कुछ लोग ताश के पत्तों पर रुपये का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं. सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर संयुक्त टीम ने रेड कार्रवाई की। इस पूरे अभियान का नेतृत्व आईजी रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा और एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने किया. पुलिस अधिकारियों को जुआ और सट्टा के मामलों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

#### गिरफ्तार आरोपियों के नाम

तजिन्दर सिंह भाटिया (52 वर्ष), गोमती विहार, गोल्डन स्टेट विकास मोटवानी (43 वर्ष). महावीर नगर, राम रामा रेसिडेंसी राज कुमार शुक्ला (57 वर्ष), बोरियाखुर्द विजय कुमार अग्रवाल (60 वर्ष) झ्र श्रीनगर, गुढ़ियारी मुगराज मंगताने (63 वर्ष) झ्र गुरुद्वारा के पास, मोवा विनोद लालवानी (52 वर्ष), महावीर नगर संदीप प्रेमचंदानी (39 वर्ष) , श्याम नगर ब्रिजेश शर्मा (59 वर्ष) झ्र गांधी नगर, गुढ़ियारी मनोज लाल (55 वर्ष), शिव मंदिर के पास, पंडरी राजेश मंधानी (36 वर्ष), शिवानंद नगर, सेक्टर-2

## जिला अस्पताल में डॉक्टर पर रिश्वत मांगने का आरोप, पीड़िता की शिकायत के बाद प्रशासन ने लिया एक्शन, पद से हटाकर मांगा स्पष्टीकरण



**बिलासपुर।** भ्रष्टाचार के आरोप पर जिला अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ से जवाब मांगते हुए समक्ष तलब किया गया है. डॉक्टर वंदना चौधरी से स्पष्टीकरण मांगते हुए परिवार नियोजन (टीटी) और एमटीपी (गर्भपात संबंधी ऑपरेशन) पर रोक लगा दी गई गई है. कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ने ये कार्रवाई की है. एमटीपी और टीटी ऑपरेशन अब डॉक्टर रमा घोष और डॉक्टर ममता सलूजा ही करेंगे.दरअसल, जिला अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ वंदना चौधरी पर सेमरचुवा की जमंत्री पटेल पति संतोष पटेल ने शिकायत की थी कि नसबंदी ऑपरेशन के लिए डॉक्टर ने 6 हजार रुपये की मांग की थी. उन्होंने 2 हजार रुपये दे दिए थे. डॉक्टर चौधरी ने इसके बाद भी उन पर और पैसों के लिए दबाव बनाया. जिसका ऑडियो साक्ष्य के रूप में शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत किया गया.

## 7 साल से फरार चिटफंड कंपनी पीएसीएल के डायरेक्टर्स गिरफ्तार

संवाददाता ● बिलासपुर

छत्तीसगढ़ की रतनपुर पुलिस ने आज कई हजार करोड़ की ठगी करने वाले ढअउछ चिटफंड कंपनी के दो डायरेक्टरों को गिरफ्तार कर लिया है. दोनों आरोपी 7 साल से फरार चल रहे थे, जिनके खिलाफ देशभर में धोखाधड़ी के कई मामले दर्ज हैं, जिसमें लाखों निवेशकों को करोड़ों रुपये का चूना लगा है. अब रतनपुर पुलिस इन आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है.आरोपियों ने ढअउछ (प्रिंसिपल एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड) नामक एक वित्तीय कंपनी के माध्यम से देशभर के निवेशकों से भारी मात्रा में निवेश एकत्र किया. कंपनी ने निवेशकों को दोगुना पैसा और उच्च ब्याज देने का लालच दिया था, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 70,000 करोड़ रुपये का निवेश हुआ. लेकिन यह पैसा निवेशकों को वापस नहीं किया गया।

### देशभर में 70 हजार करोड़ से अधिक का कराया था निवेश



#### छत्तीसगढ़ में 4 करोड़ से अधिक की ठगी

यह मामला 2018 में रतनपुर थाना में दर्ज हुआ, जब शिकायतकर्ता अनिल मधुकर ने यह आरोप लगाया कि ढअउछ कंपनी ने 1449 निवेशकों से 42,78,451 रुपये इकट्ठा किए थे, लेकिन उस राशि को वापस नहीं किया गया. मामले की जांच के दौरान, ढअउछ कंपनी के डायरेक्टरों निर्मल सिंह भंगू, त्रिलोचन सिंह उर्फ तरलोचन, अनिल चैधरी लेधा, सिकंदर सिंह ढिल्लन और जोगींदर टायगर को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है. वहीं अन्य फरार आरोपी कम्पनी के डायरेक्टरों की लगातार पतासाजी की जा रही थी. इसी दौरान रतनपुर पुलिस को सूचना मिली कि दोनों फरार आरोपी जिला जेल में बंद हैं, जिसके बाद अदालत से अनुमति प्राप्त कर अभिरक्षा में लिया गया.

#### गिरफ्तार आरोपियों के नाम

गुरमित सिंह (60 वर्ष), मौर्या इन्क्लेव, दिल्ली. सुब्रतो भट्टाचार्य (64 वर्ष), साउथ सिटी, गुरूग्राम, हरियाणा. देशभर में लोगों को 70 हजार करोड़ का लगाया चूना आरोपियों ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि ढअउछ कंपनी ने पूरे भारत से लगभग 70,000 करोड़ रुपये इकट्ठा किए थे. रतनपुर पुलिस अब इन आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है.

### टायर फटने से क्रूजर वाहन नदी में गिरा

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर के पास अंतागढ़ मार्ग पर खंडी नदी में आज एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया. एक क्रूजर वाहन का टायर फटने से वह अनियंत्रित होकर नदी में जा गिरा. हादसे के दौरान वाहन में सवार चालक और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए. संयोग से बड़ा हादसा टल गया, क्योंकि दुर्घटना के वक्त वाहन में कोई अन्य सवारी नहीं थी. नदी के आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत तैरकर वाहन तक पहुंचे और घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला.घटना की सूचना मिलते ही भानुप्रतापपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई. हालांकि, अभी तक नदी में डूबे वाहन को बाहर नहीं निकाला जा सका है.गौरतलब है कि भानुप्रतापपुर का वार्षिक मेला चल रहा है, जिसमें इस तरह के वाहन यात्रियों को ढोने में लगे हुए हैं. यदि इस वाहन में सवारियां होतीं, तो यह हादसा बेहद गंभीर रूप ले सकता था.

### प्रेमी से मिलने गई प्रेमिका, ब्वॉयफ्रेंड के दोस्तों ने डरा-धमका कर किया गैंगरेप, 3 आरोपी गिरफ्तार

**सरगुजा।** छत्तीसगढ़ में आज फिर मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है. सरगुजा में 3 दरिंदों ने एक 15 साल की किशोरी को 4 दिनों तक बंधक बनाकर गैंगरेप के घिनौने वारदात को अंजाम दिया है. पीड़िता ने घटना की शिकायत दरिमा थाने में दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग समेत 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.जानकारी के मुताबिक, आरोपी प्रेमी ने पीड़िता को अपने दोस्त के घर पर मिलने बुलाया था. पीड़िता अपने प्रेमी से मिलने पहुंची ही थी, कि इसी बीच प्रेमी के अन्य दो दोस्त सुरेंद्र सिंह और यशवंत सिंह भी वहां पहुंच गए. इसके बाद दरिंदो ने पीड़िता को बदनाम करने की धमकी देते हुए लगातार 4 दिन तक सामूहिक दुष्कर्म करते रहे. पीड़िता जब घर लौटी तो उसने परिजनों से अपनी पूरी आपबीती बताई, जिसके बाद परिजनों ने पीड़िता के साथ दरिमा थाने में शिकायत दर्ज कराई. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल आरोपियों के खिलाफ पास्को अधिनियम सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया और नाबालिक प्रेमी सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायीक रिमांड पर जेल भेज दिया है.






**क्यूबा के कैमाजुआनी शहर में परांडास डे कैमाजुआनी उत्सव में लोगों ने बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस उत्सव में सैन जोस और सांता टेरेसा शहरों के लोग प्रतिस्पर्धा करते हैं जिसमें लाइव संगीत, झांकियाँ और आतिशबाजी शामिल होती है। लगभग 130 वर्षों से अस्तित्व में रहे परांडास डे कैमाजुआनी को 2018 में यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में जोड़ा गया था**

## शॉट न्यूज

### दूसरी शादी करने जा रहे बेजोस, बंटने लगा वेडिंग कार्ड

**न्यूयॉर्क।** जेफ बेजोस अमेजन के संस्थापक और दुनिया के सबसे अमीर लोगों में से एक है। पूर्व टीवी पत्रकार और लेखिका लॉरेन संचेज के साथ लंबे समय से वह रिलेशनशिप में हैं। अब खबर है कि यह प्रेमी जोड़ा शादी के बंधन में बंधने वाला है। इसके लिए वेडिंग इनविटेशन भेजे जा रहे हैं। पेज सिक्स की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से यह बताया गया है। इसके अनुसार, शादी समारोह इस गर्मी में इटली के वेनिस में होगा। शादी की तारीख अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है। रिपोर्ट की मानें तो इनकी शादी के लिए 'कोरू' इटली के समुद्री तट के पास लंगर डालेगी। कोरू एक शानदार और मॉडर्न नौका है, जिसे पानी पर तैरता महल भी कहते हैं। इस यॉट को 2023 में नीदरलैंड की एक शिपयार्ड कंपनी ने बनवाया था।

### गैरकानूनी तरीके से भारत आने वाली दक्षिण कोरियाई महिला गिरफ्तार

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस और शस्त्र सीमा बल की ज्वाइंट टीम ने एक साउथ कोरियन महिला को गिरफ्तार किया है, जो नेपाल के जरिए भारत में गैर-कानूनी तरीके से दाखिल हुई थी। एजेंसी के मुताबिक, अधिकारियों ने रविवार को बताया कि महिला ने एंट्री के वक्त अपना नाम भी बदल लिया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी ने पत्रकारों को बताया, "विदेशी महिला को पुलिस और एसएसबी की ज्वाइंट टीम ने बहराइच के रुपईडीहा में सीमांत इंटर कॉलेज पास शनिवार की रात करीब 11 बजे रोका। वह गैर-कानूनी तरीके से भारत में प्रवेश कर रही थी।" पुलिस अधिकारी ने बताया कि विदेशी महिला की पहचान पार्क सेरयोन उर्फ योगसुक के रूप में हुई है, जिसकी उम्र 54 साल है। वो साउथ कोरिया के सोल (Seoul) की रहने वाली है।


### आज अमेरिकी और यूक्रेनी अधिकारी बातचीत के लिए सऊदी अरब में जुटेंगे

# शांति वार्ता से पहले रूस ने यूक्रेन पर 150 ड्रोन दाग

**एजेंसी • कीव**

**हमला**

यूक्रेन और रूस के बीच जारी जंग को लेकर आज अमेरिकी और यूक्रेनी अधिकारी बातचीत के लिए सऊदी अरब में जुटेंगे। इस बातचीत के दौरान सीजफायर समझौते के तहत कई अहम मुद्दों पर सहमति बनने की उम्मीद जताई जा रही है। इस बीच रूस का यूक्रेन पर कहर जारी है। बीते 24 घंटों में रूस ने यूक्रेनी इलाकों पर भीषण हमले किए हैं। इन हमलों में राजधानी कीव सहित कई शहरों को निशाना बनाया गया है। स्थानीय यूक्रेनी अधिकारियों और आपातकालीन सेवाओं के मुताबिक रविवार रात यूक्रेन में हुए ड्रोन हमलों में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। यूक्रेनी वायु सेना ने बताया है कि रूस ने रात भर ड्रोन हमले जारी रखे और इस दौरान करीब 147 ड्रोन लॉन्च किए गए। वायु सेना ने बताया कि इस दौरान उन्होंने 97 ड्रोन को निशाने तक पहुंचने से पहले ही तबाह कर दिया। जानकारी के मुताबिक हमलों में खार्किव, सुमी, चेर्निहिव, ओडेसा और डोनेट्स्क जैसे क्षेत्रों को निशाना बनाया गया था। कीव पर हुए ड्रोन हमले में 5 वर्षीय बच्चे सहित तीन लोगों की मौत हो गई है। वहीं 10 अन्य लोग घायल हो गए।



### स्थानीय लोगों का भरोसा डगमगाया

इस बीच यूक्रेन के डोनेट्स्क क्षेत्र पर रुसी हमलों में चार लोगों के मारे जाने की खबर है। इनमें से तीन लोगों की मौत डोब्रोपिल्या के सीमावर्ती शहर पर हुए हमले में हुई है। इस दौरान बड़े पैमाने पर बिल्डिंगें क्षतिग्रस्त हुई हैं और लोगों ने कहा है कि ये रुस के सच्चे इरादों का संकेत हैं। स्थानीय लोगों ने कहा है कि उन्हें रुस द्वारा किसी भी युद्ध विराम समझौते को बनाए रखने पर कोई भरोसा नहीं है। उनके मुताबिक, "रुसियों के साथ किसी भी चीज पर हस्ताक्षर करने का कोई मतलब नहीं है क्योंकि यह उस कागज की कीमत के लायक भी नहीं होगा जिस पर वह हस्ताक्षर करेंगे।"

### जेलेंस्की ने जताई है उम्मीद

इससे पहले सोशल मीडिया पर एक बयान में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्डोमिर जेलेंस्की ने कहा है कि कीव में हुए हमले जैसे हमले यूक्रेन के लिए रोजमर्रा की घटना है। उन्होंने कहा, "इस सप्ताह अकेले हमारे लोगों के खिलाफ 1,580 से ज़्यादा गाइडेड एरियल बम, लगभग 1,100 स्ट्राइक ड्रोन और 15 मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया है। " उन्होंने कहा है कि रुस के साथ बातचीत के लिए नए समाधान की जरुरत है। गौरतलब है कि ये हमले सऊदी अरब में सोमवार को अप्रत्यक्ष अमेरिकी मध्यस्थता वाली वार्ता से ठीक पहले हुए हैं। इस बातचीत के दौरान आंशिक युद्धविराम समझौते पर सहमति बनने की उम्मीद है।

## अफगान सीमा पर पाकिस्तानी सेना ने किया 16 आतंकियों का एनकाउंटर

**एजेंसी • इस्लामाबाद**



पाकिस्तान में हाल के दिनों में आतंकी हमलों में तेजी देखी गई है। इसके बाद पाकिस्तानी सेना ने चौकसी बढ़ा ली है और सीमाओं पर आतंकियों पर नकेल कसना शुरू कर दिया है। सुरक्षा बलों ने कल जानकारी दी कि उन्होंने उत्तर-पश्चिमी सीमा क्षेत्र में 16 आतंकवादियों को मार गिराया। बताया गया कि वे अफगानिस्तान से पाकिस्तान में घुसने की कोशिश कर रहे थे। ऑपरेशन के बाद पाकिस्तानी सेना ने तालिबान सरकार को आड़े हाथों लिया है।

पाकिस्तान ने कहा कि वे अपनी जिम्मेदारी निभाए और आतंकियों को पाकिस्तानी धरती पर हमला करने से रोके। पाकिस्तानी सेना के बयान के अनुसार, "खवारिज' (यह सरकार द्वारा पाकिस्तानी तालिबान के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक शब्द है) गुलाम खान क्षेत्र से पाकिस्तान में घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। यह इलाका खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में स्थित एक सीमावर्ती कस्बा है। बयान में कहा गया कि पाकिस्तान लंबे समय से अफगानिस्तान से प्रभावी सीमा प्रबंधन सुनिश्चित करने का आग्रह करता आ रहा है। पाक अक्सर तालिबान सरकार पर आतंकवादियों को रोकने में नाकाम रहने का आरोप लगाता है, लेकिन काबुल इन आरोपों को खारिज करता आया है। सेना ने कहा कि अफगान सरकार से उम्मीद की जाती है कि वह अपनी ज़िम्मेदारी निभाए और आतंकवादियों को पाक सीमा पर हमलों के लिए अपनी जमीन के इस्तेमाल की अनुमति न दे।

### कोर्ट के फैसले को ठुकराने जनता में आक्रोश, होने लगा प्रदर्शन

# पूरे देश से बैर ले रहे नेतन्याहू

**एजेंसी • गाजा**

**आफत**

गाजा में इजरायल और हमास के बीच हुआ संघर्षविराम समझौता टूट चुका है। इजरायल ने एक बार फिर गाजा जंग में पूरी ताकत झोंकने का फैसला कर लिया है। हजारों मौतों के बाद भी एक तरफ जहां इस जंग के रुकने के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं वहीं दूसरी तरफ इजरायल के अंदरूनी हालात भी बिगड़ते जा रहे हैं। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की युद्ध नीतियों और उनके फैसलों के खिलाफ हजारों लोग सड़कों पर उतर आए हैं। इन सब के बीच इजरायली सुप्रीम कोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस ने देश में गृहयुद्ध की चेतावनी जारी कर दी है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर नेतन्याहू सरकार शीर्ष अधिकारियों को हटाने के फैसले से पीछे नहीं हटती है तो देश में बड़ा भूचाल आ सकता है। इजरायल के लोगों में ताजा गुस्सा तब भड़का है जब प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पिछले सप्ताह देश के खुफिया प्रमुख को पद से हटाने की घोषणा की थी। देश के आंतरिक सुरक्षा सेवा शिन बेट के प्रमुख रोनेन बार पर हमास के 7 अक्टूबर, 2023 के हमलों को रोकने में विफल रहने के आरोप लगाए गए हैं। यह काफी नहीं था कि नेतन्याहू की सरकार ने अब देश के अटॉर्नी जनरल को बर्खास्त करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। अटॉर्नी जनरल पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। हालांकि लोगों का कहना है कि नेतन्याहू यह सब इसीलिए कर रहे हैं क्योंकि ये अधिकारी नेतन्याहू के खिलाफ चल रहे भ्रष्टाचार के मुकदमों की जांच कर रहे हैं।

### गुस्से में लोग, विद्रोह का आह्वान



अदालत ने इस फैसले पर तात्कालिक रोक तो लगा दी है पर विशेषज्ञों के मुताबिक इस गुस्से को ज्यादा दिन तक रोकना मुश्किल होगा क्योंकि यह यह स्पष्ट है कि सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश को स्वीकार नहीं करेगी। जेरुसलम थिंक टैंक, इजरायल डेमोक्रेसी इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ शोधकर्ता अमीर फुच्स ने इस मामले को गंभीर बताया है। उन्होंने कहा, "खतरनाक स्थिति तब होगी जब वे इस फैसले को स्वीकार नहीं करेंगे। " एक अन्य विशेषज्ञ ने कहा है कि स्थिति यही रही तो इजरायल गृह युद्ध की ओर बढ़ सकता है। इस बीच देश के विपक्षी नेता यायर लैपिड ने सरकार के खिलाफ विद्रोह का आह्वान कर दिया है। वहीं देश के लेबर यूनियन नेता ने भी कहा है कि कोर्ट के फैसले की अनदेखी की गई तो हड़ताल का ऐलान कर दिया जायेगा। देश के लोग यहां की कंपलसरी मिलिट्री योजना का भी बहिष्कार कर सकते हैं जिससे नेतन्याहू बड़ी मुश्किल में फंस सकते हैं।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक -** दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।

**संपादक-** दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)